हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 नागपुर, मंगलवार, 14 अक्तूबर 2025 अंक 5/ वर्ष 7 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-



वैशाली
साड़ी ॲन्ड सारिज
FANCY SHALU • LACHA • LEHENGA
YEOLA PAITHANI • PESHWAI
POSITION PRINT • RANG KAT
FANCY WORK • ORGANZA WORK
H.O. SILK • SOUTH SILK
SILK SAREE • DHARMAVARAM
WEDDING ONE PIECE / GOWN
SAREES - SPECIALIST
Sarafa Bazar, Itwari Nagpur | Time:10.00-7.30
9529081789, 9325112561 | SUNDAY CLOSED


## भाजपा ने संभाली बिहार चुनाव की कमान!

# चिराग पासवान की भूमिका तय!

**पटना.**

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए के सीट बंटवारे से यह साफ हो गया है कि इस बार भाजपा गठबंधन में नेतृत्व की भूमिका निभाएगी और अपने दम पर चुनावी मैदान में उतरेगी. सीटों के बंटवारे में बीजेपी और जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) को बराबर-बराबर 101-101 सीटें दी गई हैं, जबकि हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के हिस्से में 6-6 सीटें आई हैं. हालांकि इस लिस्ट में सबसे चौंकाने वाली बात चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को मिली 29 सीटें हैं, जिन्होंने एक नई समीकरण की जमीन को तैयार कर दिया है. 2020 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 110 सीटों पर चुनाव लड़ा था और उसे 74 सीटें जीती थीं, जबकि जेडीयू ने 115 सीटों पर चुनाव लड़ा था और उसके खाते में 43 सीटें आई थीं. विकासशील इंसान पार्टी को 4 और हम को भी 4 सीटें मिली थीं. कुल मिलाकर एनडीए को 125 सीटों पर जीत मिली थी.




इस चुनाव में बीजेपी को 19.46% और जेडीयू को 15.39% वोट मिले थे, जबकि जेडीयू ने बीजेपी से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ा था. इस बार सीटों की बराबरी से यह संकेत मिलता है कि बीजेपी ने गठबंधन में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है. उस समय चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी ने एनडीए से अलग 134 सीटों पर चुनाव लड़ा था. हालांकि अब उनकी नई पार्टी एलजेपी (रामविलास) एनडीए का हिस्सा है और उसे 29 सीटें दी गई हैं. पिछली बार 2020 के विधानसभा चुनाव में चिराग ने सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे और इसके कारण जेडीयू 43 सीटों पर ही सिमट कर रह गई थी. माना जाता है कि बीजेपी को इसका कई सीटों पर फायदा मिला था. यहां एक तरीके से चिराग ने बीजेपी को मजबूत करने का काम किया. चुनाव परिणामों के बाद चिराग ने ट्वीट किया, "यह प्रधानमंत्री मोदी जी की जीत है. बिहार की जनता ने उन पर भरोसा जताया है."चिराग के पिता राम विलास पासवान लंबे समय से बीजेपी के सहयोगी रहे. चिराग ने हमेशा मोदी को अपना "नेता" बताया और कहा, "पीएम मोदी के रहते किसी दूसरे गठबंधन का सवाल ही नहीं उठता." 2020 में भी उन्होंने कहा कि वे अमित शाह से मिले थे और बिहार में "बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट" एजेंडे पर काम करने के लिए अलग चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन बीजेपी के प्रति वफादार रहे. एलजेपी का मुख्य वोट बैंक पासवान समुदाय (लगभग 6% आबादी) है, जो पूर्वी बिहार में मजबूत है. चिराग की युवा अपील और मोदी की छवि से यह वोट एनडीए की ओर मोड़ा गया. 2020 के बाद चिराग को केंद्रीय मंत्री बनाया गया, जो भरोसे का प्रमाण था.

**चिराग ने कहा:** "पीएम मोदी ने बिहार के युवाओं पर भरोसा दिखाया है, जो इस चुनाव में उनकी ताकत बनेंगे."इस बार कई ऐसी सीटों पर चिराग अपने उम्मीदवार उतारेंगे, जिन पर पहले जेडीयू चुनाव लड़ा करती थी. 2020 के एलजेपी के परफार्मेंस को देखते हुए जिन सीटों पर चिराग ने मजबूत और बढ़त बनाई और जेडीयू को चिराग की वजह से नुकसान हुआ था, उन सीटों पर उस बार चिराग के उम्मीदवार लड़ सकते हैं. कुल मिलाकर प्रधानमंत्री का भरोसा चिराग की वफादारी, वोट-मोबिलाइजेशन क्षमता और एनडीए को मजबूत करने वाली रणनीति पर आधारित है, जो 2024 के लोकसभा चुनाव में साफ-साफ दिखी.

## 'मैं वॉर रुकवाने में एक्सपर्ट'

### पाक-अफगान तनाव के बीच ट्रंप ने दिया मध्यस्थता का ऑफर

**वाशिंगटन.**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बढ़ते सीमा संघर्ष में मध्यस्थता करने की पेशकश की है. ट्रंप ने दावा किया कि वह युद्धों को सुलझाने और शांति स्थापित करने के एक्सपर्ट हैं. ट्रंप ने अपने बयान में कहा, "यह मेरा 8वां युद्ध होगा जिसे मैंने सुलझाया है. अब पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच युद्ध की बातें सामने आ रही हैं." उन्होंने शांति स्थापित करने की अपनी कथित क्षमता पर जोर देते हुए कहा, "मैं युद्धों को सुलझाने में विशेषज्ञ हूं, मैं शांति स्थापित करने में विशेषज्ञ हूं. ऐसा करना मेरे लिए सम्मान की बात है." ट्रंप का यह बयान तब आया है जब पाकिस्तान और अफगानिस्तान की सीमा पर भीषण गोलीबारी और झड़पों के बाद दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है. दो दिनों तक चले इस संघर्ष में दोनों तरफ काफी नुकसान हुआ. जहां तालिबान ने पाकिस्तान के 58 सैनिक मारने का दावा किया था तो वहीं पाकिस्तान ने दावा किया था कि उनसे कई अफगान चौकियों पर कब्जा कर लिया है. ऐसे में अंतरराष्ट्रीय मामलों में मध्यस्थता की पेशकश कर ट्रंप ने एक बार फिर वैश्विक मंच पर अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकेत दिया है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विभिन्न वैश्विक संघर्षों में मध्यस्थता करने और उन्हें समाप्त करने को लेकर कई दावे किए हैं. उन्होंने हाल ही में गाजा में हुए संघर्ष विराम को "आठवां युद्ध" बताया जिसे उन्होंने सुलझाया है. इसके अलावा, वह जिन अन्य संघर्षों को सुलझाने का दावा करते हैं, उनमें भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम भी शामिल है. हालांकि भारत इससे लगातार इनकार करता रहा है. ट्रंप अक्सर दावा करते हैं कि उन्होंने अपने व्यापारिक दबाव और टैरिफ की धमकी का इस्तेमाल करके कई युद्धों को जल्दी से समाप्त करा दिया.

## नेहरू के नाम से एलर्जी

**मुंबई.** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि बीजेपी ने जानबूझकर लाइन 3 पर साइंस सेंटर मेट्रो स्टेशन का नाम पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के नाम पर नहीं रखा. मुंबई कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता सचिन सावंत ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया. उन्होंने लिखा कि नेहरू का योगदान इतना बड़ा और अटल है कि चाहे बीजेपी उन्हें कितना ही नफरत करे या उनकी विरासत को खराब करने की कोशिश करे, लेकिन उनकी ये कोशिश आकाश में थूकने की तरह बेकार ही होगी. सचिन सावंत ने कहा कि पूरे देश को पता है कि वर्ली (जहां मेट्रो स्टेशन है) का क्षेत्र नेहरू साइंस सेंटर के नाम से ही हर कोई जानता है. इसके बावजूद बीजेपी को नेहरू के नाम से एलर्जी है.

## मुंबई पुलिस के लिए नई टाउनशिप

**मुंबई.** मुंबई पुलिस के इतिहास में एक बड़ा परिवर्तन शुरू होने जा रहा है. महाराष्ट्र सरकार ने देश के सबसे सक्रिय पुलिस बलों में से एक मुंबई पुलिस के लिए आधुनिक पुलिस हाउसिंग टाउनशिप प्रोजेक्ट की घोषणा की है. यह कदम न केवल पुलिस कर्मियों के जीवनस्तर को सुधारने की दिशा में है, बल्कि उनके मनोबल और कार्यक्षमता को भी नई ऊंचाई देगा. यह परियोजना आने वाले वर्षों में मुंबई पुलिस के कार्य ढांचे को आधुनिक स्वरूप देने वाली साबित हो सकती है. मुंबई पुलिस की स्थापना वर्ष 1856 में हुई थी, और तब से यह बल देश की सबसे अनुशासित और विश्वसनीय पुलिस इकाइयों में गिना जाता है. फिलहाल विभाग में लगभग 51,308 अधिकारी और कर्मचारी कार्यरत हैं.

# आरजेडी के पूर्व विधायक प्रकाश वीर जेडीयू में शामिल

**नवादा.**

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तारीखें नज़दीक आते ही नवादा ज़िले की राजनीति में एक बड़ा भूचाल आ गया है. राष्ट्रीय जनता दल को एक झटके में दो बड़े विधायक गंवाने पड़े हैं. नवादा सीट से विधायक विभा देवी और रजौली (सुरक्षित) सीट से विधायक प्रकाश वीर ने आरजेडी का साथ छोड़कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड का दामन थाम लिया है. यह दल-बदल बिहार की चुनावी गहमागहमी के बीच सबसे बड़ी खबर है.

दोनों विधायकों ने सोमवार को पटना में जेडीयू के पार्टी कार्यालय में विधिवत रूप से पार्टी की सदस्यता ली. आपको बता दें कि यह सारा घटनाक्रम बेहद तेज़ी से हुआ है। दोनों विधायकों के बारे में लंबे समय से यह चर्चा थी कि वे आरजेडी से खुश नहीं हैं.



दरअसल, नवादा में आरजेडी को तब एक बड़ा झटका लगा था जब जेडीयू के पूर्व विधायक कौशल यादव आरजेडी में शामिल हो गए थे. माना जा रहा है कि कौशल यादव को नवादा से आरजेडी का टिकट मिलने की पूरी संभावना है, जिसके बाद विभा देवी के लिए अपनी पुरानी सीट पर खतरा बढ़ गया था. इसी टिकट कटने की आशंका और पार्टी से नाराज़गी के चलते इन दोनों विधायकों ने रविवार को ही विधानसभा की सदस्यता और आरजेडी पार्टी से इस्तीफा दे दिया था. पटना में हुए सदस्यता ग्रहण समारोह में ग्रामीण विकास कार्य मंत्री श्रवण कुमार और विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी ने दोनों नेताओं का जेडीयू में स्वागत किया. श्रवण कुमार ने विभा देवी को पार्टी की सदस्यता दिलाई. जेडीयू नेताओं ने कहा कि जो लोग विकास और सुशासन की राह पर चलना चाहते हैं, वे नीतीश कुमार के नेतृत्व पर विश्वास कर रहे हैं.

जेडीयू विभा देवी को नवादा सीट से अपना उम्मीदवार भी बना सकती है. अगर ऐसा होता है, तो नवादा में इस बार का मुकाबला जेडीयू की विभा देवी और आरजेडी के कौशल यादव के बीच होगा, यानी यह सीट अब बिहार की सबसे हॉट सीटों में से एक बन गई है. चुनाव से ठीक पहले दो मौजूदा विधायकों का पार्टी छोड़कर चले जाना तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाली एआरजेडी के लिए बहुत बड़ा झटका माना जा रहा है. नवादा और रजौली दोनों सीटों पर अब राजनीतिक समीकरण पूरी तरह बदल चुके हैं. इन दोनों विधायकों के आने से जेडीयू और एनडीए गठबंधन को नवादा क्षेत्र में नई मज़बूती मिली है, जबकि आरजेडी को अब इन दोनों सीटों पर नए सिरे से रणनीति बनानी पड़ेगी.

# उत्तर रेलवे ने दिवाली-छठ पूजा पर बढ़ाईं 30 लाख बर्थ

**नई दिल्ली.**

बुकिंग बंद का स्टेट्स नहीं दिखेगा; पूर्वांचल, बिहार, झारखंड-यूपी के यात्रियों के लिए फायदा उत्तर रेलवे ने दिवाली और छठ पूजा पर घर जाने वाले यात्रियों को तोहफा दिया है। यात्रियों को अब आईआरसीटीसी (इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन) पर टिकट बुक करवाते समय कोच 'रिग्रेट' (बुकिंग बंद) का स्टेटस नहीं दिखेगा। रेलवे ने करीब 30 लाख बर्थ बढ़ा दी हैं। टिकटों की बढ़ती मांग को देखते हुए उत्तर रेलवे ने उन ट्रेनों में कोच बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जहां 'रिग्रेट' स्टेटस मिलने की संभावना है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया, स्टेटस 'रिग्रेट' को लेकर पायलट प्रोजेक्ट चल रहा है। रेलवे अधिकारी के मुताबिक, इसका फिलहाल अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। कहीं-कहीं टिकट बुकिंग में परेशानी हो रही है, जिस पर काम हो रहा है। ट्रेनों में 3000 अतिरिक्त कोच जोड़े गए हैं, जिसकी संख्या यात्रियों की भीड़ को देखते हुए बढ़ाया भी जा सकता है। अधिकारी ने आगे बताया, त्योहारों के दौरान स्पेशल ट्रेनें पूर्वांचल, बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों के लिए चल रही हैं। जैसे-जैसे स्पेशल ट्रेनों की घोषणा हो रही है, उनका शेड्यूल भी जारी कर रहे हैं। अब आप अपने कन्फर्म रेल टिकट में यात्रा तारीख बदलवा सकेंगे और इसके लिए आपको कोई कैंसिलेशन फीस या एक्स्ट्रा चार्ज भी नहीं देना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि जनवरी 2026 से यात्री कन्फर्म टिकट को आगे की डेट में चेंज करा सकेंगे। हालांकि इस प्रक्रिया में तारीख बदलने पर कन्फर्म टिकट की गारंटी नहीं होगी। सीट उपलब्धता के आधार पर ही मिलेगी।सामान्य परिस्थितियों में 150 से ज्यादा वेटिंग नहीं सामान्य परिस्थितियों में 150 से ज्यादा वेटिंग टिकट नहीं देते हैं और बुकिंग बंद कर दी जाती है। त्योहारी सीजन पर बुकिंग प्रणाली में नियमों को लचीला बनाते हुए ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की संख्या बढ़ाकर रिग्रेट स्टेटस को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिन ट्रेनों में टिकट की मांग बेहद ज्यादा है, उनमें कोच बढ़ाकर रिग्रेट स्टेटस को हटाने की प्रक्रिया शुरू है। इससे ज्यादा यात्रियों को टिकट बुक करने का अवसर मिलेगा। वेटिंग लिस्ट में फंसे लोगों को भी राहत मिलेगी।



# शाह 16 से 18 तक बिहार दौरे पर, 2 जनसभाओं को करेंगे संबोधित

**पटना.**

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर प्रदेश के सियासी गलियारे में हलचल है. इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बिहार दौरे का प्लान बना है. सोमवार को इसकी जानकारी बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने दी. अमित शाह तीन दिन 16, 17 और 18 अक्टूबर को बिहार में रहेंगे. एक तरफ एनडीए में सीट शेयरिंग के बाद खबर है कि कुशवाहा नाराज चल रहे हैं. एनडीए में उन्हें छह सीटें मिली हैं. उनकी मांग इससे अधिक है. इस बीच सोमवार को पटना में होने वाली एनडीए की साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस टल गई. अब इस बात की चर्चा हो रही है कि क्या एनडीए में सब ठीक है? सोमवार को बीजेपी प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिलीप जायसवाल ने कहा, "अभी का जो माहौल है उसमें एनडीए चट्टानी एकता के साथ चुनावी मैदान में जा रही है. यही कारण है कि महागठबंधन में भगदड़ मची हुई है और उनके बड़े-बड़े नेता-विधायक आज बीजेपी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं." दिलीप जायसवाल ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए सीट शेयरिंग को लेकर कहा कि कितनी सीट पर कौन दल चुनाव लड़ेगा ये जानकारी हमने आपसे साझा कर दी है.



उसके साथ-साथ एनडीए गठबंधन ने फैसला लिया है कि 15, 16, 17 और 18 अक्टूबर को तक चार दिन में पूरे बिहार के अंदर एनडीए के उम्मीदवार नामांकन करेंगे. इस चार दिन में हमने बिहार के विभिन्न जिलों को अलग-अलग भागों में बांटा है. प्रत्येक जिले में नामांकन के दिन हमारे एनडीए के नेता मौजूद रहेंगे. करीब एक दर्जन से ज्यादा मुख्यमंत्री (देश के अलग-अलग राज्यों के) भी नामांकन में शुरुआत में अपनी उपस्थिति देंगे. भारत सरकार के मंत्री भी रहेंगे. हम लोगों ने पूरा रोड मैप बनाया है.

# महाराष्ट्र में छोटी मछली बेचने पर मिलेगी सजा

### देवेंद्र फडणवीस सरकार ने बनाया नया नियम



**मुंबई.** महाराष्ट्र सरकार ने अब मछलियों को लेकर नया नियम बनाया है, इसमें कम उम्र और साइज की मछलियों को बेचने पर सजा भी हो सकती है. दरअसल, छोटी या नवजात मछलियों को पकड़ने और उनको पकड़कर बेचने पर उनके रिप्रोडक्शन पर काफी बुरा असर पड़ रहा है. महाराष्ट्र सरकार ने सेंट्रल मरीन फिशरी रिसर्च इंस्टीट्यूट की मदद से, बाजारों में बिक्री के लिए पकड़ी जाने वाली या जाल में फंसी जाने वाली मछलियों के साइज के लिए नियम तय किया गया है. सरकार ने यह कदम मछलियों के प्रजनन को बचाने और राज्य की वार्षिक मछली उत्पादन बढ़ाने के लिए किया है. केरल के बाद महाराष्ट्र दूसरा राज्य है, जहां मछली के साइज का नियम लागू हुआ. महाराष्ट्र के मुंबई तट पर प्रचुर मात्रा में पाई जाने वाली सिल्वर पॉम्फ्रेट मछलियां जुवेनाइल अवस्था में तस्करी की वजह से खतरे में हैं.



इस नियम के तहत मछली जो पूरी तरह से खाने लायक या बड़ी नहीं हुई है और राज्य द्वारा निर्धारित मिनिमल लीगल साइज तक नहीं पहुंचती है, उसे पकड़ने पर अब महाराष्ट्र मत्स्य विभाग कार्रवाई करेगा. राज्य सरकार की आधिकारिक मछली, सिल्वर पॉम्फ्रेट, और बांगड़ा की लंबाई 14 सेंटीमीटर होनी चाहिए. इसी तरह, एक झींगा मछली की लंबाई 9 सेंटीमीटर होनी चाहिए. बॉम्बे डक की लंबाई 18 सेमी होनी चाहिए जबकि सुरमई के लिए एमएलएस 37 सेंटीमीटर है. केरल के बाद, महाराष्ट्र मछली के साइज के नियम लागू करने वाला दूसरा राज्य बन गया है. राज्य के मत्स्य पालन और बंदरगाह मंत्री नितेश राणे ने मछली के एमएलएस और भारतीय सिल्वर पॉम्फ्रेट के किशोर मछली पकड़ने पर लगाम लगाने के लिए चल रहे संरक्षण उपायों पर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की थी.

## दामाद के घर पहंच गए 45 गांव के लोग

**कांकेर.** लव मैरिज करने पर हंगामे की कई खबरें आपने सुनी होंगी, लेकिन क्या कभी सुना है कि लव मैरिज करने पर सजा के रूप में एक-दो नहीं बल्कि 500 लोगों को खाना खिलाना पड़े. ऐसा मामला छत्तीसगढ़ के कांकेर से सामने आया है, जहां महाराष्ट्र की एक युवती से छत्तीसगढ़ के एक युवक ने लव मैरिज की तो महाराष्ट्र के कांकेर के भूमकाम और आसपास 45 गांव के 500 लोग छत्तीसगढ़ पहुंच गए और डेरा डाल दिया. गांव वालों को कहना है कि जब तक दामाद शादी का बकरा-मुर्गा भात नहीं खिलाएगा, तब तक वह इस शादी को नहीं मानेंगे.

## 3 नए कानून पर जयपुर में लगाई गई हाईटेक प्रदर्शनी

**जयपुर.** तीन नए आपराधिक कानूनों के लागू होने के एक साल पूरे होने के मौके राजस्थान की राजधानी जयपुर में आज से एक प्रदर्शनी की शुरुआत की गई है. इस प्रदर्शनी का उदघाटन आज केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने किया. यह प्रदर्शनी जयपुर के जेईसीसी यानी जयपुर एग्जिबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में लगाई गई है. इस डिजिटल प्रदर्शनी में पुलिस और अदालतों के साथ ही जेल व क्राइम इन्वेस्टिगेशन और मुकदमों के ट्रायल के विभिन्न पहलुओं को दिखाया गया है. इस हाईटेक प्रदर्शनी में आपराधिक घटनाओं की जांच से लेकर जेल और अदालतों की प्रक्रियाओं का लाइव डेमो भी दिखाया जा रहा है. प्रदर्शनी स्थल को 10 जोन में बांटा गया है. तीन नए अपराधिक कानून के लागू होने के बाद अपराध पर किस तरह से अंकुश लग रहा है और कितनी तेजी से वैज्ञानिक तरीके से मुकदमों का निपटारा हो रहा है और दोषियों को सजा मिल रही है, इसे इस प्रदर्शनी के जरिए दिखाया गया है. न्याय पाना अब कितना सुगम और सरल हो गया है इसे भी दिखाया गया है.



### पीएम मोदी की जीवन यात्रा से कराया परिचित

# गांधीनगर गिफ्ट सिटी में हुई 'मेरा देश पहले' शो की स्क्रीनिंग

**गांधीनगर.**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आकार ले रहे नए भारत के रूपांतरण की रोमांचक कहानी 'मेरा देश पहले' का गुजरात में सर्वप्रथम भव्य शो शुक्रवार को गांधीनगर स्थित गिफ्ट सिटी में आयोजित हुआ. शो में नरेंद्र मोदी की जन्मभूमि वडनगर से शुरू हुई प्रेरणादायी यात्रा से लेकर प्रधानमंत्री के रूप में भारत को विश्व पटल पर गौरव दिलाने तक की कहानी दिखाई गई.

उनके जीवन के कई अनकहे पहलुओं को सांस्कृतिक और भावनात्मक तरीके से मंचित किया गया. मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा, राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों, व्यापार-उद्योग जगत के अग्रणियों सर्व पंकज पटेल, प्रणव अदाणी, टोरेंट परिवार, एसोचैम के चिंतन ठाकर सहित अनेक गणमान्य अधिकारियों, उद्योगकारों-कारोबारियों तथा मुख्य सचिव पंकज जोशी, वरिष्ठ सचिवों और उच्चाधिकारियों ने इस मंचन को देखा.



नरेन्द्र मोदी द्वारा वडनगर के विद्यालय के साहसी विद्यार्थी के रूप में शुरू की यात्रा, सोमनाथ-अयोध्या रथयात्रा, कश्मीर तक की एकता यात्रा तथा अलगाववादियों की धमकी की चुनौती को स्वीकार कर नगर के लाल चौक में तिरंगा फहराने और प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेना को दिए गए मार्गदर्शन से लेकर ऑपरेशन सिंदूर की शौर्य गाथा, राम मंदिर निर्माण संकल्प के साकार होने सहित समग्र घटनाक्रम का दृश्या-श्राव्य एवं संगीतमय मंचन सभी के आकर्षण का केन्द्र बना.

इस शो के लेखक, निर्माता तथा प्रस्तुतकर्ता मनोज मुंतशिर के प्रभावशाली संचालन के साथ प्रसिद्ध शो अभिनेता अक्षय कुमार सहित 200 से अधिक कलाकारों ने गिफ्ट सिटी परिसर को राष्ट्र भक्तिमय बना दिया. इस शो को निहारने के लिए बड़ी संख्या में उमड़ी युवाशक्ति और सामाजिक जीवन के अग्रणियों की उपस्थिति ने सिद्ध किया है कि 'मेरा देश पहले' शो को देखने पहुंचे युवाओं ने इसे प्रेरणादायी बताया. 'मेरा देश पहले-'द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ नरेन्द्र मोदी' की देशभर में हो रही यह प्रस्तुति इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'आयोजकों के मुताबिक, 'मेरा देश पहले' के जरिए 'नेशन फर्स्ट' की भावना को सांस्कृतिक रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश की जा रही है. इस शो को प्रधानमंत्री के गृह राज्य गुजरात के युवाओं ने उत्साहपूर्वक अपनाया है.

CMYK

# श्रद्धा की अगली फिल्म पर आया अपडेट



बॉलीवुड हो या साउथ... दोनों ही इंडस्ट्री वाले बड़ी फिल्मों पर काम कर रहे हैं. यूं तो कुछ फिल्ममेकर्स ने अगले साल के लिए भी डेट लॉक कर ली है. तो कुछ ऐसे मेकर्स हैं, जो अब तक फिल्म का ऐलान नहीं कर पाए हैं. यहां फिलहाल 'स्त्री 3' की बात नहीं हो रही. जी हां, श्रद्धा कपूर की फिल्म का मैडॉक वाले पहले ही ऐलान कर चुके हैं.

पर अब दूसरी बड़ी फिल्म पर भी अपडेट सामने आ गया है. श्रद्धा कपूर इस पिक्चर में टीवी की क्वीन के साथ हाथ मिला रही हैं. वहीं तुम्बाड वाले डायरेक्टर भी साथ होंगे. लेकिन फिल्म कौन सी है?

साल 2018 में पीरियड हॉरर फिल्म 'तुम्बाड' रिलीज हुई. जो पहली बार में तो उतनी कमाई नहीं कर सकी. पर इस बार जब री-रिलीज हुई, तो रिकॉर्ड तोड़ दिए. सोहम की फिल्म को Rahi Anil Barve ने डायरेक्ट किया है. जो अब श्रद्धा कपूर के साथ काम करने जा रहे हैं. हालांकि, फिल्म की प्रोड्यूसर एकता कपूर हैं. लेकिन इस फिल्म के पीछे, जो टीम काम कर रही है वो ही इसे खास बनाती है. वहीं दूसरी ओर एकता कपूर अनोखी और दमदार कहानियों के लिए जानी जाती हैं. जबकि श्रद्धा कपूर ने अपने अभिनय से लगातार दिल जीता है.

हाल ही में जानकारी मिली थी कि श्रद्धा कपूर अगली फिल्म में नागिन का रोल करेंगी. जिसके लिए काफी एक्साइटेड हैं और फिल्म को पहले ही कंफर्म कर चुकी हैं. हालांकि, इस फिल्म को लेकर पता लगा कि एक्ट्रेस डबल जिम्मेदारी संभाल रही हैं. वो एक्टिंग के अलावा क्रिएटिव और प्रोडक्शन में भी अहम जिम्मेदारी निभा सकती हैं. पर जिस तरह श्रद्धा कपूर इस प्रोजेक्ट में एक और भूमिका में हैं, वो दिखाता है कि उनके लिए यह प्रोजेक्ट काफी अहम है.


# 17 साल बाद फिर आमने-सामने 'प्रेरणा' और 'कोमोलिका

एक तरफ हैं श्वेता तिवारी, जो 45 साल की उम्र में भी कहर ढा रही हैं. वहीं दूसरी ओर हैं उनकी दुश्मन कोमोलिका... जी हां, उर्वशी ढोलकिया भी फिटनेस में किसी से कम नहीं हैं.

श्वेता से एक साल बड़ी इस एक्ट्रेस का भी जलवा देखने को मिलता है. 17 साल पहले दोनों एक-दूसरे से खूब भिड़ चुकी हैं. जब दोनों का शो 'कसौटी जिंदगी शुरू' हुआ था. अनुराग बसु के पीछे इस झगड़े में प्रेरणा-कोमोलिका ने खूब एंटरटेन किया. पर एक बार फिर दोनों आमने-सामने आ गई हैं. जिसे देखकर श्वेता तिवारी ने पूछा- ये यहां क्या कर रही है?नया वीडियो जमकर वायरल हो रहा है.

उर्वशी ढोलकिया और श्वेता तिवारी बेशक टीवी सीरियल में अब नहीं दिखतीं. पर आज भी करोड़ों का कारोबार कर रही हैं. जहां श्वेता तिवारी वेब सीरीज, शोज और फिल्मों में नजर आ रही हैं. तो उर्वशी भी इवेंट्स और ब्रांड एंडोर्समेंट के जरिए कमाई कर रही हैं. इसी बीच अब दोनों का आमना-सामना हुआ, तो फैन्स की खुशी का ठिकाना नहीं रहा.

# बच्चन फैमिली की फिल्मफेयर नाइट पर हैट्रिक



बॉलीवुड सुपरस्टार अमिताभ बच्चन ने अपने करियर में जो कद हासिल किया है उसकी तो लोग कल्पना भी नहीं कर सकते हैं. उनका करियर काफी शानदार रहा है. वहीं इस परिवार में और भी कलाकार ऐसे हैं जिन्होंने अपना योगदान फिल्म इंडस्ट्री को दिया है और कई सारे अवॉर्ड्स भी हासिल किए हैं. शायद ही बच्चन परिवार से ज्यादा फिल्मफेयर अवॉर्ड्स किसी और कलाकार ने हासिल किए हैं. चाहें जया बच्चन हों, चाहें ऐश्वर्या, चाहें अमिताभ हों या फिर अभिषेक. सभी ने अपने करियर में फिल्मफेयर अवॉर्ड्स हासिल किए हैं. अब 70वें फिल्मफेयर सेरेमनी के दौरान बच्चन परिवार के अवॉर्ड्स की फहरिश्त में 3 नए अवॉर्ड्स जुड़ गए हैं. अमिताभ बच्चन ने इस मौके पर खुशी जाहिर की है और अपनी फैमिली को 3-3 फिल्मफेयर अवॉर्ड्स जीतने की खुशी में बधाई दी है. उन्होंने इंस्टाग्राम पर इस दौरान की फोटोज शेयर करते हुए लिखा- फिल्मफेयर के 70 साल पूरे होने के मौके पर जया को सम्मानित किया गया. अभिषेक को 2025 में बेस्ट एक्टर के लिए चुना गया. ये सच में 70 साल का बड़ा सेलिब्रेशन हो गया. जया, अभिषेक और मैं. हमारा बहुत बड़ा सौभाग्य और जनता के प्रति पूर्ण रूप से आभार. अनेक अनेक धन्यवाद. फैंस इस मौके पर बच्चन परिवार को विश कर रहे हैं और शुभकामनाएं दे रहे हैं.

फिल्मफेयर अवॉर्ड्स की बात करें तो अमिताभ बच्चन ने फिल्म इंडस्ट्री में कई सारे फिल्मफेयर अवॉर्ड्स जीते हैं. उन्होंने पहले ही 16 फिल्मफेयर जीत लिए थे. अब ये आंकड़ा 17 तक पहुंच गया है. वहीं दूसरी तरफ जया बच्चन की बात करें तो एक्ट्रेस ने अब तक 8 फिल्मफेयर अवॉर्ड जीत लिए थे. अब उनके नाम कुल 9 फिल्मफेयर अवॉर्ड्स हो चुके हैं. वहीं अभिषेक बच्चन की बात करें तो उनके नाम भी अब 4 फिल्मफेयर अवॉर्ड हो चुके हैं. अगर ऐश्वर्या राय बच्चन की बात करें तो एक्ट्रेस के नाम भी 2 फिल्मफेयर अवॉर्ड्स हैं. कुल मिला लिया जाए तो बच्चन परिवार के पास 32 फिल्मफेयर अवॉर्ड्स हो चुके हैं.

# राधिका या श्लोका किसके पास है ज्यादा दौलत?

मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के बेटे आकाश अंबानी की शादी 2019 में रसेल मेहता और मोना मेहता की बेटी श्लोका मेहता से हुई थी. आकाश अंबानी और श्लोका मेहता का एक बेटा पृथ्वी और एक बेटी वेदा हैं. श्लोका मेहता का एकेडमिक बैकग्राउंड उनके प्रोफेशनल अचीवमेंट्स जितना ही इम्प्रेसिव है. धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल से पढ़ाई करने के बाद, उन्होंने प्रिंसटन यूनिवर्सिटी से एंथ्रोपोलॉजी में डिग्री हासिल की और उसके बाद लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से कानून की डिग्री हासिल की. उन्होंने बीडी सोमानी इंटरनेशनल स्कूल से इंटरनेशनल बैकलॉरिएट में डिप्लोमा भी किया है और वर्तमान में रोजी ब्लू इंडिया में निदेशक के रूप में कार्यरत हैं. श्लोका मेहता की नेटवर्थ की बात करें तो बॉलीवुड शादी डॉट कॉम के मुताबिक श्लोका 149 करोड़ की संपत्ति की मालकिन हैं.



मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी ने वीरेन मर्चेंट और शैला मर्चेंट की बेटी राधिका मर्चेंट से शादी की है. अपने वाइब्रेंट पर्सनैलिटी के लिए जानी जाने वाली अंबानी परिवार की छोटी बहू राधिका मर्चेंट भी काफी सक्सेसफुल हैं. मुंबई के कैथेड्रल एंड जॉन कॉनन स्कूल और इकोले मोंडिएल वर्ल्ड स्कूल से स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद, उन्होंने बीडी सोमानी इंटरनेशनल स्कूल से इंटरनेशनल बैकलॉरिएट में डिप्लोमा हासिल किया. इसके बाद उन्होंने न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय से राजनीति और अर्थशास्त्र में डिग्री हासिल की और वर्तमान में एनकोर हेल्थकेयर में निदेशक के पद पर कार्यरत हैं. राधिका मर्चेंट की कुल नेटवर्थ की बात करें तो इस मामले वे वे अपनी जेठानी श्लोका मेहता से काफी पीछे हैं. बॉलीवुड शादी डॉट कॉम के मुताबिक राधिका मर्चेंट की कुल नेटवर्थ 10 करोड़ रुपये आंकी गई है.

# मोनालिसा ने किया साड़ी में कमाल का परफॉर्मेंस

भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा अक्सर अपनी बोल्ड फोटोज और वीडियोज को लेकर सुर्खियों में रहती हैं. सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस की जबरदस्त फॉलोइंग है. यहां वो अक्सर बोल्ड अदाओं से अपने फैंस के दिल पर वार करती रहती हैं. बीते रविवार को एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया पर एक जबरदस्त वीडियो शेयर किया है, जो दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है. इस वीडियो में एक्ट्रेस 'बिजुरिया' गाने पर साड़ी पहनकर जबरदस्त डांस करती नजर आ रही हैं. वीडियो में मोनालिसा की अदाएं देख आप भी घायल हो जाएंगे.एक्ट्रेस का यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हुआ है. कमेंट सेक्शन



में फैंस तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं. इस समाय 'बिजुरिया' गाना काफी वायरल हुआ है और इन दिनों इंस्टाग्राम रील्स पर छाया हुआ है. बता दें कि यह गाना हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का है. इसके बोल और धुन लोगों को काफी पसंद आ रही है.सोनू निगम और असीस कौर की आवाज में गाया ये गाना लोगों को काफी पसंद आ रहा है. इस गाने पर साड़ी पहने डांस करती एक्ट्रेस मोनालिसा ने धूम मचा दी है. सोशल मीडिया पर मौजूद उनका वीडियो लोगों को काफी पसंद आ रहा है. कमेंट सेक्शन में फैंस एक्ट्रेस की खूब तारीफें कर रहे हैं. वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में एक्ट्रेस ने लिखा- 'थोड़ा डांसिंग मूड में, शॉट्स के बीच में और आखिर में इस गाने पर साड़ी में डांस करना.' इसपर एक यूजर ने एक्ट्रेस के काम की सराहना कि और कहा कि अपने बीजी शेड्यूल के बाद भी वो अपने फैंस के लिए समय निकालती हैं.

# अभिनव कश्यप पर भड़के भाईजान

सलमान खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'दबंग' के डायरेक्टर अभिनव कश्यप ने बीते दिनों अभिनेता के खिलाफ जमकर बयानबाजी की थी. अभिनेता को डायरेक्टर ने गुंडा, मवाली और छिछोरा तक कह दिया था. इसके बाद सलमान ने बिना नाम लिए अपने शो 'बिग बॉस 19' में अभिनव को जवाब दिया था. सलमान पर अभिनव ने कई तरह के आरोप लगाए थे और इन्हें सलमान ने झूठा बताया था.सलमान खान ने अभिनव पर भड़कते हुए कहा था कि उनके पास कुछ काम काज नहीं है और वो पॉडकास्ट में आकर कुछ भी अंट शंट उनके खिलाफ बोल रहे हैं. वहीं अब एक बार फिर से







सलमान खान ने अभिनव पर भड़ास निकाली है. अब सलमान ने डायरेक्टर पर मजाकिया अंदाज में तंज कसा है और पूछा, "काम मिला क्या भाई?

अभिनव ने बाद में सलमान खान के अलावा शाहरुख खान और आमिर खान जैसे सुपरस्टार्स के खिलाफ भी बयान दिए थे. हाल ही में सलमान के शो 'बिग बॉस 19' में वीकेंड का वार एपिसोड में कॉमेडियन रवि गुप्ता शामिल हुए थे. अपने शो पर रवि का स्वागत करते हुए सलमान ने उनसे पूछा था, क्या उन्होंने उनकी बजाई है? तो रवि ने ना में जवाब दिया था. इसके बाद अभिनेता ने रवि गुप्ता के काम की तारीफ की थी. वहीं रवि ने भी सलमान के काम को सराहा था और कहा, "दुनिया के सामने अपनी गलतियों को जो एक्सेप्ट कर लें, उसे सलमान खान कहते हैं. इस पर अभिनेता ने कहा था, काम से याद आया हमारे पास एक और डायरेक्टर है. दबंग इंसान, वो भी आज कल अभी मेरे साथ उन्होंने आमिर खान और शाहरुख खान को भी लेपेट लिया है.

# दीवाली पार्टी में सारा का ग्लैमरस लुक

मुंबई में रविवार की रात सितारों से रोशन दिखी, जहां मशहूर डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने अपने घर पर दीवाली पार्टी का आयोजन किया, जिसमें बॉलीवुड के जाने-माने स्टार्स ने शिरकत की और अपनी मौजूदगी से समां बांध दिया, इस पार्टी में ग्लैमर, ट्रेडिशन और स्टार पावर का शानदार कॉम्बिनेशन देखने को मिला. जहां स्टार्स के लुक की सोशल मीडिया पर खूब तारीफें हो रही हैं.मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी में ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी ने एंट्री लेते ही सबका दिल जीत लिया. उन्होंने पेस्टल कलर की खूबसूरत साड़ी पहनी थी, जिसके साथ डिजाइनर ब्लाउज पेयर किया गया था. केप स्टाइल ब्लाउज और उनके ग्रेसफुल एक्सप्रेशन ने उनके लुक को और भी रॉयल बना दिया. फैंस ने उन्हें 'टाइमलेस ब्यूटी' कहते हुए सोशल मीडिया पर खूब सराहा रहे हैं.पार्टी की ग्लैमरस गेस्ट बनीं नुसरत भरूचा, जिन्होंने अपने स्टनिंग लुक से सभी का ध्यान खींच लिया. एक्ट्रेस ने शिमरी पिंक ड्रेस कैरी की थी, जिसमें वो बेहद गॉर्जियस लग रही थीं. सॉफ्ट मेकअप और ओपन हेयर के साथ उनका लुक पूरी तरह परफेक्ट रहा. फैंस ने उनके इस अवतार को 'बेस्ट दिवाली पार्टी लुक' बताया.

# ईशा ने एक्स को दिया स्पेशल बर्थडे सरप्राइज

बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा देओल इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर फिर सुर्खियों में हैं. हाल ही में उन्होंने अपने एक्स हसबैंड भरत तख्तानी को जन्मदिन की बधाई देते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की, जो तेजी से वायरल हो रही है. ईशा ने इंस्टाग्राम पर भरत की एक तस्वीर पोस्ट की और कैप्शन में लिखा, 'मेरे बच्चों के पिता को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं, हमेशा खुश और स्वस्थ रहें.' इस पोस्ट के बाद से इन दोनों के रिश्तों को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है.

दरअसल, अभी कुछ दिनों पहले ही ईशा की उनके एक्स पति भरत तख्तानी के साथ एक तस्वीर खूब वायरल हुई थी, जिसमें वो उनके





साथ डिनर करती नजर आ रहीं थीं, जिसके बाद सोशल मीडिया पर एक बार फिर उनके रिश्ते को लेकर चर्चा शुरू हो गई थी, हालांकि इन दोनों के साथ ईशा की बहन अहाना देओल भी तस्वीर में नजर आ रही थीं. इस फोटो पर ऐशा ने 'फैमिली' लिखकर कैप्शन दिया था.

हालांकि इनसब पर अभी तक 'ड्रीम गर्ल' हेमा मालिनी और धर्मेंद्र की तरफ से कोई रिएक्शन नहीं आया है.

बता दें कि ईशा और भरत की शादी साल 2012 में हुई थी. दोनों के दो प्यारी बेटियां हैं. राध्या और मिराया, लेकिन शादी के 11 साल बाद साल 2024 में दोनों ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला लिया. इसके बावजूद दोनों मिलकर अपनी बेटियों की परवरिश कर रहे हैं और एक-दूसरे के प्रति सम्मान बनाए हुए हैं. एक पुराने इंटरव्यू में ईशा ने रिश्तों को लेकर बेबाकी से अपनी बात रखी थी, उन्होंने कहा था कि कोई भी रिश्ता हर वक्त एक जैसा नहीं रहता, लेकिन हमें बच्चों को देखते हुए समझदारी दिखाते हुए आगे बढ़ना चाहिए, बता दें, इस दौरान ऐसा ने यह भी बताया था कि कैसे शादी के बाद उनकी लाइफ पूरी तरह से घर में सिमट कर रह गई थी, इता ही नहीं उन्होंने यह भी बताया था कि वो अपने पति भरत के लिए कुंकिंग क्लासेस भी जाती थीं.

# तमन्ना को लेकर अनु कपूर ने किया अश्लील कमेंट

बॉलीवुड के सीनियर एक्टर अनु कपूर इन दिनों अपने एक बयान को लेकर बुरी तरह ट्रोल हो रहे हैं। उन्होंने एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया को लेकर ऐसा कमेंट कर दिया, जिसे सुनकर काफी लोग नाराज हो गए। 69 साल के अनु कपूर ने एक पॉडकास्ट इंटरव्यू में तमन्ना की तारीफ करते हुए कहा कि उनका 'दूधिया बदन' है।यह बयान सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो गया और नेटिजन्स ने उन्हें जमकर घेरा। तमन्ना भाटिया पर अपनी राय रखते हुए अनु कपूर बोले- 'माशाल्लाह, क्या दूधिया बदन है' और इसी के बाद से ही लोगों ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया। भांकर मिश्रा के पॉडकास्ट के दौरान जब अनु कपूर से पूछा गया कि क्या उन्हें तमन्ना पसंद हैं, तो उन्होंने जवाब दिया- माशाल्लाह, क्या दूधिया बदन है उनका उनका यह बयान सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गया। लोगों ने इस कमेंट को बेहद अश्लील और महिलाओं के लिए अपमानजनक बताया। कई यूजर्स ने लिखा कि इस तरह की बातें एक सीनियर एक्टर को शोभा नहीं देतीं। तमन्ना के 'आज की रात' वाले बयान पर भी किया कमेंट अनु कपूर यहीं नहीं रुके। उन्होंने तमन्ना के एक पुराने बयान पर भी टिप्पणी की, जिसमें एक्ट्रेस ने कहा था कि कईमाएं बताती हैं.

## रोज 3.5 किमी पैदल चलकर स्कूल जाती बच्ची

# दिहाड़ी मजदूर की 12 साल की बेटी जाएगी नासा

**पुणे.** जिले के निगुडाघर गांव की 12 वर्षीय अदिति पारथे की कहानी मेहनत, लगन और सपनों की ऊंचाई तक पहुंचने की प्रेरणा देती है. यह बच्ची हर सुबह साढ़े तीन किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल जाती है और शाम को अपनी मौसी के घर लौटती है. उसके परिवार के पास स्मार्टफोन या अच्छे कंप्यूटर जैसे साधन नहीं हैं, लेकिन अदिति ने कभी हार नहीं मानी. यह बच्ची नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) अब जाएगी. इस साल अदिति को पुणे जिला परिषद की ओर से आयोजित नासा टूर के लिए 25 छात्रों में से चुना गया है. जिला परिषद और अंतर- विश्वविद्यालय खगोल विज्ञान एवं खगोल भौतिकी केंद्र के सहयोग से कक्षा 6 और 7 के 75 छात्रों का चयन तीन दौर की परीक्षा प्रक्रिया से हुआ. पहले दौर में 13 हजार छात्र शामिल हुए, जिनमें से प्रत्येक ब्लॉक के शीर्ष 10 प्रतिशत छात्र दूसरे दौर के लिए चुने गए. दूसरे दौर में छात्रों ने ऑनलाइन एमसीक्यू परीक्षा दी. अंतिम दौर में 235 छात्रों का व्यक्तिगत साक्षात्कार लिया गया और इसी में अदिति का नाम नासा दौरे के लिए चुने गए 25 छात्रों में शामिल हुआ. घरवालों के मुताबिक, अदिति ने न केवल अकादमिक क्षेत्रों में उत्कृष्टता दिखाई, बल्कि खेलकूद, भाषण और नृत्य में भी अपनी प्रतिभा साबित की. उसके स्कूल की शिक्षिका वर्षा कुठवाड़ ने बताया कि ये खबर आने के बाद पूरे स्कूल में खुशी का माहौल था. अदिति को अब साइकिल और बैग भी दिया गया है, और स्कूल ने एक लैपटॉप के लिए भी अनुरोध किया है. अदिति की मौसी ने उसे बचपन से पाला है. उन्होंने बताया कि उनका परिवार कभी हवाई जहाज नहीं देख पाया, इसलिए अदिति का अमेरिका जाकर नासा दौरा करना उनके लिए गर्व की बात है. अदिति के लिए यह पहला अवसर होगा जब वह मुंबई से विमान में सवार होकर अमेरिका जाएगी.




### ग्रामीण स्कूलों के बच्चों के लिए प्रेरणा

अदिति की आंखों में खुशी के आंसू हैं. वह कहती है, 'जब प्रिंसिपल ने मेरी मौसी को बताया कि मेरा चयन हुआ है, तो वह बेहद खुश हुईं. मैंने अपनी मां को सुबह 7 बजे फ़ोन कर बताया. इसके बाद मां ने मुझे 15 बार फ़ोन किया. अदिति की यह सफलता ग्रामीण स्कूलों के उन हजारों बच्चों के लिए प्रेरणा है, जिनके पास संसाधनों की कमी होती है. कठिनाइयों के बावजूद अदिति ने यह साबित कर दिया कि कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से सपनों को साकार किया जा सकता है.

# बहन के मोबाइल से हनी ट्रैप में फंसे विधायक



**ठाणे.** विधायक शिवाजी पाटिल को हनी ट्रैप में फंसाने की कोशिश की गई है. आरोपी ने बहन के मोबाइल से अश्लील चैट की, फोटो और वीडियो भेजकर विधायक को परेशान किया. इसके बाद 10 लाख रुपए की मांग की और पैसे न देने पर राजनीतिक छवि खराब करने की धमकी दी. इस मामले में कार्रवाई करते हुए ठाणे पुलिस ने कोल्हापुर से आरोपी को गिरफ्तार किया. उसे 15 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेजा गया है. शिवाजी पाटिल कोल्हापुर जिले के चांदगढ़ निर्वाचन क्षेत्र से विधायक हैं. आरोपी युवक का नाम मोहन जोतिबा पवार है और वो 26 साल का है. उसे चांदगढ़ तालुका के मंडेदुर्ग गांव से गिरफ्तार किया गया. पुलिस ने बताया कि आरोपी ने ये काम करने के लिए अपनी बहन के मोबाइल का उपयोग किया. उसी से विधायक पाटिल को अश्लील चैट, फोटो और वीडियो भेजकर परेशान किया. बाद में 10 लाख रुपए मांगे. मामला सामने आने के बाद ठाणे और कोल्हापुर पुलिस ने संयुक्त जांच की और आरोपी को गिरफ्तार किया. शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी मोहन पवार एक किसान का बेटा है और बीएससी का छात्र है. नौकरी नहीं मिलने के कारण वो मानसिक रूप से परेशान हो गया और इसके बाद ऐसा कदम उठाया. गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया. कोर्ट ने उसे 15 अक्तूबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया. पुलिस इस मामले के पीछे के असली मकसद की जांच कर रही है. आरोपी ने अपनी जिस बहन के फोन का इस्तेमाल किया वो विवाहित है. इस मामले में उस लड़की का क्या रोल है, पुलिस ये भी जांच कर रही है.

2024 के विधानसभा चुनाव में शिवाजी शट्टुपा पाटिल ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीता. उन्हें सबसे ज्यादा 83,653 वोट मिले. उन्होंने एनसीपी के राजेश नरसिंहराव पाटिल को हराया. एनसीपी उम्मीदवार को 59, 475 वोट मिले थे.

# शिंदे गुट नेता और ड्राइवर के बीच विवाद



**डोंबिवली.** दिनदहाड़े सड़कों पर खूनी संघर्ष की एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जिसने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है. यहां वेतन विवाद को लेकर दो गुटों के पदाधिकारी में तीखी बहस शुरू हुई, जो जल्द ही हिंसक झड़प में बदल गई. धीरे-धीरे विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ने एक-दूसरे पर चाकू और नुकीली चीजों से एक दुसरे पर से जानलेवा हमला शुरू कर दिया. मामला डोंबिवली के नांदीवली इलाके की है. यहां दिनदहाड़े सड़कों पर खूनी संघर्ष देखने को मिला, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया. जानकारी के मुताबिक वेतन विवाद को लेकर शिवसेना शिंदे गुट के पदाधिकारी की सुदाम जाधव और उनके ड्राइवर मनोज नाटेकर के बीच तीखी बहस हो गई. इस बहस के दौरान धीरे-धीरे विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ने एक-दूसरे पर चाकुओं से हमला कर दिया. इस घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है. और उनकी हालत गंभीर है. जानकारी के अनुसार, ड्राइवर मनोज नाटेकर पिछले तीन महीनों से वेतन न मिलने से नाराज था. इसी वजह से उसने गुस्से में सुदाम जाधव पर चाकू से हमला कर दिया. जवाबी कार्रवाई में सुदाम जाधव ने भी हाथ में लिए किसी नुकीले वस्तु से नाटेकर पर हमला कर उसे घायल कर दिया. दोनों के बीच मारपीट के बाद सड़कों पर अफरा-तफरी मच गई. इस दौरान यह पूरा घटनाक्रम सड़क किनारे लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया.

# एमवीए में कांग्रेस पर ठाकरे का बदला रुख?

**मुंबई.** शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता संजय राउत ने राज ठाकरे को लेकर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने दावा किया है कि एमएनएस अध्यक्ष राज ठाकरे खुद चाहते हैं कि कांग्रेस महाविकास अघाड़ी में रहे. इससे पहले राज ठाकरे के उद्धव के साथ गठबंधन को लेकर एमवीए में कांग्रेस के साथ होने का राज ठाकर ने विरोध किया था. पहले राज ठाकरे कांग्रेस के चलते एमवीए में शामिल होने से मना कर रहे थे लेकिन अब संजय राउत ने राज की कांग्रेस के एमवीए में होने को लेकर बदली भूमिका पर बड़ा बयान दिया है. संजय राउत ने कहा, खुद राज ठाकरे की इच्छा है कि कांग्रेस को एमवीए में होना चाहिए. यह उनकी भूमिका है निर्णय नहीं.

**महसुल व वनविभाग**
**कोर्ट विद्यमान तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी हिंगणा यांचे कार्यालय**

Email ID: tahasildarhingna@gamil.com दुरध्वनी क्र.०७१०४-२७६१३४
क्र.म.स./जन्म-मृत्यु/तह. हि./कावि-१४७/२०२५
दिनांक ०६/१०/२०२५

**वाचा :** १) सार्वजनिक आरोग्य विभाग यांचे शासन निर्णय दिनांक १२ मार्च २०२५, २) मा.उप सचिव, महसूल व वन विभाग, मंत्रालय, मुंबई यांचे कडील पत्र क्र. ०३/ई-१ अ.दि. १७/०३/२०२५, ३) मा. जिल्हाधिकारी, नागपूर यांचे कडील पत्र क्र. अका/डी-१/जन्म-मृत्यू आदेश/ कावि- १०४/ २०२५ दिनांक १७/०३/२०२५, ४) **श्री पृथ्वीराज मधुकर बोंदाडे,** रा. रायपुर, हिंगणा, ता. हिंगणा, जि. नागपूर यांचा अर्ज दिनांक १०/०९/२०२५

**जाहीरनामा**

ज्याअर्थी अर्जदार **श्री पृथ्वीराज मधुकर बोंदाडे,** रा. रायपुर, हिंगणा, ता. हिंगणा, जि. नागपूर यांनी त्यांच्या **आजीच्या** मृत्युची नोंद ग्रामपंचायत/ नगर परिषद दप्तरी घेणेकरिता निर्देशित करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.

सदहू **श्रीमती कोंडाबाई तुकाराम बोंदाडे** यांचा मृत्यु **दिनांक ०२/०९/१९८९** रोजी **राहत्या घरी रायपूर, हिंगणा** येथे झाला असा अर्जदाराचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदरहू अर्जदार यांना त्यांचे **मृत्यूचे** प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्याची नोंद घेणेकामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.

त्याअर्थी मी तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी हिंगणा उपरोक्त वाचा क्र. १ आणि २ व ३ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते की, सदर व्यक्तीचा **मृत्यू** बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता व गृह चौकशी करणेकामी कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी हिंगणा यांचे न्यायालयात स्वतः जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनामाच्या दिनांकापासून पंधरा दिवसाच्या आत सादर करावे.

उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/ उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास **मृत्यू** बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही असे गृहीत धरून प्रस्तावित **मृत्यू** नोंदीबाबतचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.

शिक्का
**तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी, हिंगणा**

Prasanna Publicity 09326927622


# मेट्रो CLASSIFIED बिजनेस

MSBVE / MSBTE महाराष्ट्र शासन मान्य
AYUSHMAN COLLEGE & HOSPITAL
KAMPTEE, NAGPUR (MS.)
आयुष्मान मेडिकल पॅरामेडिकल कॉलेज
सईद नगर, बालाजी मंदरि के सामने, कलमना रोड, रनाला, कामठी
महाराष्ट्र हमारे कोर्स
BSc MLT, BVOC MLT, PGDMLT / ADMLT (MSBTE) ADXR (MSBTE), DMLT, DDT, DNYS, DAT, GNMA, CCOT, Health Sanitary Inspector, Radiology Technician
इंटर्नशिप आपको सरकारी हॉस्पिटल मे मिलेगी
ADMISSION OPEN 2025-26
8651512020, 8651513030

DR. NANDI PATH LAB
Committed to your Wellness
OUR SERVICES: • BLOOD TESTS • BIOCHEMISTRY • HEMATOLOGY • MICROBIOLOGY • SEROLOGY & MORE
DR. GAURAV NANDI MBBS, MD (Patho)
Ex. ASSTT PROFESSOR SMCW, PUNE
Mobile No.: 8767516249 | 7420869774
Near Nutan Saraswati School, Main Road, Kamptee, Nagpur

श्री सतगुरु ट्रैवल्स
• 1 ऑगस्ट अयोध्या काशी
• १४ ऑगस्ट आग्रा मथुरा वृंदावन
• ७ सप्टेंबर केदारनाथ चारधाम यात्र
• २७ ऑक्टोबर केरळ कन्याकुमारी
• २८ ऑक्टोंबर गुजरात राजस्थान
• १६ नोव्हेंबर आणि १० डिसेंबर अंदमान
• ३ जानेवारी गंगासागर नेपाळ
संपर्क आशीष लक्ष्मीनारायण कावळे
7498753939, 93095 96390
8698495200, 9823454945

अल्का लाडे प्रस्तुत "ज़िंदगी का सफर"
Organizar संकल्प बहुद्देशीय संस्था
सुहाना म्यूज़िकल ग्रुप
(लाइव ऑर्केस्ट्रा पर सुमधुर गीतों की प्रस्तुति)
Alka Lade बॉलिवुड गायिका
Contact For Participate 9373108897, 7798900066 9579254999
Per Song 1500
दि. 10 आगस्ट 2025 दोप. 3 बजे से रात 9.30 बजे तक
अमृत भवन, झांसी रानी चौक, सिताबर्डी, नागपुर

धनवटे ऑनलाइन सर्विसेस
7/12 डिजिटल, ई-अभिलेख, 8 अ डिजिटल, ई- मोजनी, प्रॉपर्टी कार्ड, अधिकार क्षेत्र, झोन सर्टिफिकेट, वर्ग 2 ते वर्ग 1 अर्ज, अखिव पत्रिका, 7/12 फेरफार साठी अर्ज, फेरफार अर्ज,
राजेश धनवटे
9561498551
उपजिला रुग्णालय रोड, हैदरी चौक कामठी

VATSALYA Preschool
"Little Minds, Big Adventures"
Nurturing Young Minds with Heart and Purpose
Pre-Nursery, Nursery, KG1, KG2
Enquire now
More Information 9834172396
Address : Near Ashapurak Ganesh Mandir Ground, Professor Colony, Ranala, Kamptee

NISHCHAY TRAVELS
All types of AC & Non-AC Vehicles Available
Buses 30, 40 & 50 Seater Available
Plot No. 35, House No. 40, Kamptee Road, Shri Hari Nagri Near Ram Vatika, Bhilgaon, Nagpur-441002
: Contact :
Avinash Zanzote 9850340105 7972365539
Vilas Zanzote 9372211220 9112274567

प्रवेश सुरू... प्रवेश सुरू... प्रवेश सुरू...
नवयुग एज्युकेशन आणि बहुउद्देशीय संस्था कन्हान द्वारा संचालित
:: ADMISSION OPEN FOR 2024-2025 ::
मारोतराव पानतावणे ज्यु. कॉलेज
११ व १२ वी कला, वाणिज्य, विज्ञान
मारोतराव पानतावणे महाविद्यालय
(राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपूर विद्यापीठ नागपूर द्वारा संलग्नित)
B.A., B.Com, B.Sc.कला, वाणिज्य, विज्ञान
कार्यालय वेळ सकाळी १० ते सायं. ५ पर्यंत
SC/ST/OBC/VJNT विद्यार्थ्यांना BA/B.Com/B.Sc ला निःशुल्क प्रवेश देण्यात येईल.
स्कॉलरशिप ची सुविधा उपलब्ध आहे.
संपर्क : मारोतराव पानतावणे महाविद्यालय, गहुहिवरा रोड, कांद्री-कन्हान
07102-236484, 9373120336, 9834985854, 8766643359

2025 ADMISSION OPEN
FOR I.T.I. ELECTRICIAN & FITTER
Eligibility 10th Pass
FREE ADMISSION FOR GIRLS
Maharashtra Govt. SCHOLARSHIP UPTO 100% for SC/ST/OBC/EWS boys & girls
CONTACT US
RABBANI ITI
Near Samaj Bhawan, Imli Bag, Kamptee 441001 Dist. Nagpur (M.S.)
9021132527 7721877941 9021194901

तुळजाभवानी ट्रेडर्स
कलमना रोड, महालक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, रनाला चौक, कामठी
हमारे यहां गिट्टी, ईटा, राखड, मुरूम आदि का सप्लाई किया जाता है।
ठोक व चिल्लर विक्रेता
JCP Work 24 हमारे यहां उपलब्ध है
M. : 7987262970 | 9175172712

प्लस प्वाइंट ट्युशन क्लासेस
10, 11, 12 वीं की सभी विषयों की अनुभवी शिक्षकों द्वारा ट्युश्न क्लासेस ली जाती है।
प्रोप्रा. मो. सलमान शेख
मोटर स्टैंड मस्जिद के पास, कामठी
तारसा रोड, कन्हान

ADMISSION OPEN
RKS PUBLIC SCHOOL
NURSERY to Std. IX
OUR FACILITY
Computer Lab • Cricket
Karate Class • Swimming Pool
Skating Class • Basket Ball
M. 8087955831 8956785080
Jaripatka Police Station Road, Nara, Nagpur

ZOREN PROPERTY DEALERS
हमारे यहाँ खेती, फ्लॅट, डुप्लेक्स, घर, बंगलो, फार्म हाऊस, रिसॉर्ट खरेदी और बेचा जाता है
अफसर खान
M. 9371381114, 7038696893
सभी प्रकार के प्रॉपर्टी पेपर का काम किया जाता है

3 STAR HOTEL
LODGING, BOARDING & RESTAURANT
AC / Non AC Room
8983305535, 8055705535
पता: घोरपड बस्ती, लिहीगांव रोड, कामठी

VIDEO GAMES SHOP
Convert VHS to Pendrive, Harddiskh
VHS को पेंनड्राइव में डालते है.
कोई भी पुरानी Video Cassette Recorder (VRC) शादी एंवम कोई भी पुरानी (VHS) कार्यक्रम की Video Cassette (VHS), VCD, CD, DVD, को Pendrive या Harddisk में Convert किया जाता है.
All Video Game for Sell & Repair Services also available
Only Place for Harddisk Loading
All type of USB & Electrical Accessories
All type of video game are available
Repair your Video Games, PS 2, 3, 4 & X Box
Order for Digital Video, Photo Album
DHAMTI VIDEO FILMS
9423771189, 9595399588
FOR SALE
Plot Size 500 sqft. Construction 1000 sqft. RANALA, KAMPTEE

**पाठकगणों को विनम्र सूचना :** दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार में प्रकाशित होने वाले विविध विज्ञापनों की जांच-पड़ताल करने के बाद ही पाठकगण विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आर्थिक व्यवहार करें। प्रकाशित विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापन दाताओं द्वारा जो दावे पेश किए जाते है, उनकी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र कोई गारंटी के साथ जवाबदेही नहीं देता। साथ ही विज्ञापन में किये गये दावों से दुष्परिणाम के लिए दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक तथा मालिक जिम्मेदार नहीं होंगे। कृपया पाठकगण उपरोक्त संबंध में ध्यान दें।

**विज्ञापन हेतू संपर्क करें : सौमित्र नंदी, उपसंपादक मोबाइल नं. 9604758944, 9881272088**




## सुविचार

संस्कारों से बड़ी कोई वसीयत नहीं
और ईमानदारी से बड़ी कोई विरासत नहीं।

## संपादकीय

# नया टकराव



चीन और अमेरिका एक नए ट्रेड वॉर के मुहाने पर खड़े हैं। रेयर अर्थ मिनरल्स पर चीन अपना नियंत्रण कड़ा करना चाहता है और इसी बात से नाराज डोनाल्ड ट्रंप ने उस पर 100% टैरिफ लगाने की चेतावनी दी है। दोनों महाशक्तियों के बीच की इस खींचतान का असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा। चीन का एकाधिकार: किचन से लेकर युद्ध के मैदान तक, आज इस्तेमाल होने वाली हर आधुनिक मशीन रेयर अर्थ बिना अधूरी है और फिलहाल इस पर चीन का कब्जा है। वैश्विक जरूरतों की 90% सप्लाई चीन से होती है और इसमें भी 60% वह खुद प्रोड्यूस करता है, जबकि बाकी मिनरल्स उसके यहां रिफाइन होते हैं। इसी एकाधिकार की बदौलत इस साल अप्रैल में भी उसने ट्रंप की टैरिफ नीतियों को चुनौती दी थी। अमेरिकी टैरिफ के विरोध में चीन ने रेयर अर्थ मिनरल्स के निर्यात पर कड़ाई की, तो पूरी दुनिया के ऑटोमेटिव और डिफेंस सेक्टर पर संकट आ गया था। तब दोनों देश एक समझौते पर पहुंचे थे, जिसके तहत अमेरिका ने टैरिफ कम किया और चीन ने नियंत्रण, लेकिन अब वह समझौता टूटता लग रहा है। चीन के लिए रेयर अर्थ की सप्लाई का इस्तेमाल कूटनीतिक हथियार के तौर पर करना नया नहीं है। उसके नए नियम, लाइसेंस प्रक्रिया को कठोर बनाना, ऐसे ही कदम हैं। और इनका सबसे ज्यादा असर अमेरिकी डिफेंस सेक्टर पर पड़ने की आशंका है। ट्रंप की तरफ से आई तीखी प्रतिक्रिया की वजह यह भी है। हालांकि चीन जिस तरह रेयर अर्थ पर अपने एकाधिकार को हथियार बना रहा, वैसा ही कुछ अमेरिका ने भी किया था, जब उसने पेइचिंग को कुछ महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर और चिप डिजाइन तकनीक बेचने पर रोक लगा दी थी। ट्रंप ने चीन पर एक नवंबर से नए टैरिफ लगाने की धमकी दी है। यही वक्त है, जब एशिया-पैसिफिक इकोनॉमिक कोऑपरेशन से इतर ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच मुलाकात होनी है। दोनों देशों के बीच ट्रेड डील पर भी बातचीत जारी है, तो उम्मीद की जा सकती है कि उस मुलाकात में ताजा संकट का कोई हल निकल जाए।इस टकराव ने फिर साबित कर दिया है कि ग्लोबल सप्लाई चेन किस तरह चुनिंदा ताकतों पर निर्भर है। चीन और अमेरिका, दोनों ही अपने व्यापारिक प्रभाव का इस्तेमाल अपनी नीतियों को थोपने में कर रहे हैं। रेयर अर्थ और चिप मेकिंग में भारत समेत दूसरे देश कोशिश कर रहे हैं, जिसमें और मेहनत व निवेश की जरूरत है।

नसीम ग़ाज़ी फ़लाही

# राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज: समाज सुधारक संत



महाराष्ट्र संतों की भूमि है। इस भूमि ने इस देश को अनेक महान संत दिए हैं। इनमें अमरावती जिले के यावली नामक एक छोटे से गांव में जन्मे राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज आधुनिक विचारों के एक महान संत थे। बीसवीं शताब्दी के आरंभ में, माणिक नाम से जन्मे और बाद में राष्ट्रसंत बने तुकड़ोजी महाराज एक महान सर्वांगीण संत थे, जिन्होंने एक ही समय में अनेक क्षेत्रों में अपना प्रभुत्व स्थापित किया। उनमें संतत्व के सभी गुण विद्यमान थे। यदि आज के उच्च पदस्थ संत यह समझना चाहते हैं कि एक सच्चे संत का चरित्र कैसा होना चाहिए और एक संत को सामाजिक कार्य कैसे करने चाहिए, तो राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज का आदर्श उनके लिए अत्यंत उपयोगी हो सकता है। राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज एक ऐसे ज़मीनी संत थे जिन्होंने देश के ग्रामीण जीवन का गहन अध्ययन किया था। ग्राम जीवन का उनका अध्ययन इतना विस्तृत था कि उनके द्वारा रचित पुस्तक ग्राम गीता के 41 अध्यायों में ग्रामीण जीवन के गूढ़ पहलुओं के साथ-साथ हर समस्या का समाधान भी समझाया गया है। उन्होंने ग्राम गीता में अनेक उदाहरणों के साथ समझाया है कि यदि देश को प्रगति करनी है, तो ग्राम के सर्वांगीण सुधार के बिना देश आगे नहीं बढ़ सकता। इसलिए ग्राम गीता लोक जीवन का दर्पण है और वर्तमान समय में, यदि सभी लोग इसके अनुसार थोड़ा-थोड़ा भी आचरण करने का प्रयास करें, तो देश स्वर्ग बन सकता है। ग्राम गीता के विचारों में अपार शक्ति है। महाराष्ट्र के कई गांव जो आदर्श बन गए हैं और जिनकी सूरत बदल गई है, उनके पीछे ग्राम गीता के विचारों की प्रेरणा है और उस क्षेत्र के लोगों ने ग्राम गीता के विचारों के अनुसार अपने गांव का सुधार किया है और उन्हें आदर्श बनाया है। राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज एकमात्र ऐसे संत थे जो एक ही समय में दो भाषाओं में पारंगत थे। यद्यपि वे मराठी भाषी थे, फिर भी उन्होंने मराठी के साथ-साथ हिंदी में भी प्रचुर साहित्य की रचना की। भारत की राष्ट्रभाषा हिंदी है और यदि हम हिंदी में साहित्य का सृजन करें, तो इससे सम्पूर्ण देश के लोगों को लाभ होगा। महाराज ने भारतीय जनजीवन का अध्ययन करने के लिए सम्पूर्ण भारत का भ्रमण किया था। वे भारत के कोने-कोने में जाकर लोगों को ज्ञान देते थे। उनका ज्ञान अत्यन्त सरल, सुस्पष्ट लोकभाषा में था। इसीलिए उन्होंने लोगों के हृदय को छुआ। इसीलिए उन्हें पूरे देश में अपार ख्याति प्राप्त हुई और जीवन के सभी क्षेत्रों में उनके असंख्य प्रशंसक थे। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया था और उनके ओजस्वी भजनों से लोग अंग्रेजों के विरुद्ध उठ खड़े हुए थे। विदर्भ में अनेक स्थानों पर उग्र आंदोलन हुए। राष्ट्रसंत के ज्ञान के कारण चिमूर गांव स्वतंत्रता से पूर्व ही स्वतंत्र हो गया था। महाराज के इस बढ़ते प्रभाव को देखकर अंग्रेज़ों ने उन्हें कारागार में डाल दिया। वे देश के लिए जेल जाने वाले प्रथम संत थे। भारत सरकार ने जापान में आयोजित विश्व धर्म सम्मेलन में महाराज को अपना प्रतिनिधि बनाकर भेजा और महाराज ने वहा एक माह रहकर अपनी विद्वत्ता से विश्व के लोगों को मोहित किया तथा भारत का नाम अमर कर दिया। महाराज ने भजन, कीर्तन, प्रवचन, संगठन और प्रबोधन के माध्यम से व्यापक जनजागृति उत्पन्न की। उन्होंने अपने साहित्य के माध्यम से अंधविश्वास, भाग्य-विद्या, रूढ़िवादिता, फलित ज्योतिष और कर्मकांडों पर प्रहार किया। उनके विचार अत्यंत वैज्ञानिक थे। उन्होंने अत्यंत सरल और सीधी भाषा में समझाया कि विवाह, मृत्यु, श्राद्ध, जन्मदिन, बरसे और वास्तु पूजन जैसे पारिवारिक समारोहों को किस प्रकार सादगी से मनाया जाना चाहिए। उन्होंने अनेक स्थानों पर लिखा है कि इन चीजों पर धन बर्बाद करने के बजाय, उस धन को शिक्षा, कृषि, व्यापार और उद्योग पर खर्च किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय एकता और सभी धर्मों के बीच सद्भाव उनके संपूर्ण साहित्य का आधार थे। मानवता और इंसानियत उनके विचारों का मूल थी। उनका वैचारिक आदर्श था कि कोई भी धर्म देश से श्रेष्ठ नहीं है। सभी को अपने-अपने धर्म का पालन करना चाहिए, लेकिन जब देश की बात आती है, तो उन्होंने अपने साहित्य में देश को सर्वोपरि रखा है। इसलिए राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज अत्यंत व्यापक दृष्टिकोण वाले एक महान समाज सुधारक संत थे, जिन्होंने असमानता पर प्रहार किया और समानता का पाठ पढ़ाया। आज के तथाकथित पांच सितारा जीवन जीने वाले संतों को राष्ट्रसंत के जीवन का अध्ययन अवश्य करना चाहिए। उन्हें अवश्य याद आएगा कि एक सच्चे समाज सुधारक संत का चरित्र कैसा होना चाहिए। राष्ट्रसंत को उनकी 57वीं पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि!

इंशा वारसी, फ्रेंकोफोन और पत्रकारिता अध्ययन, जामिया मिलिया इस्लामिया।

# इस्लाम में दहेज और भारतीय मुस्लिम लड़कियों की बढ़ती मौतें



दहेज, एक सामाजिक प्रथा जिसने लंबे समय से दक्षिण एशिया को त्रस्त कर रखा है, आज भी लोगों की जान ले रही है, परिवारों को बर्बाद कर रही है और महिलाओं की गरिमा को धूमिल कर रही है। हालाँकि भारत में यह प्रथा सभी धर्मों में व्याप्त है, लेकिन मुसलमानों में इसकी उपस्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है, क्योंकि इस्लाम इस प्रथा को स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित करता है। हाल के वर्षों में, दहेज की माँग से जुड़ी युवा मुस्लिम महिलाओं के उत्पीड़न, यातना और यहाँ तक कि उनकी मृत्यु की खबरों ने समुदायों को झकझोर कर रख दिया है। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में 22 वर्षीय मुस्लिम लड़की गुलफ़िज़ा, हाल ही में एक ऐसी पीड़िता बनी, जहाँ उसके पति ने 10 लाख रुपये की माँग के लिए उसे तेज़ाब पीने के लिए मजबूर किया, जहाँ उसकी खून की उल्टी होने से मौत हो गई। दहेज पर इस्लामी रुख और भारत में मुस्लिम लड़कियों के सामने आने वाली दुखद वास्तविकताओं को समझना इस विरोधाभास को दूर करने के लिए महत्वपूर्ण है। इस्लाम में, दहेज (जहेज़ या दहेज) की कोई अवधारणा नहीं है। इसके बजाय, धर्म महर का प्रावधान करता है, जो दूल्हे द्वारा दुल्हन को दिया जाने वाला एक अनिवार्य उपहार है, जो सम्मान, वित्तीय सुरक्षा और उसके अधिकारों की स्वीकृति का प्रतीक है।

महर पूरी तरह से दुल्हन की संपत्ति है, और उसके पति या ससुराल वालों सहित किसी को भी इस पर दावा करने का अधिकार नहीं है। पैगंबर मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने इस बात पर ज़ोर दिया था कि सबसे अच्छी शादी वह होती है जिसमें आर्थिक और सामाजिक, दोनों तरह के बोझ कम हों। रिवायतों में बताया गया है कि उनकी अपनी बेटियों की शादी सादगी से हुई थी, बिना किसी विस्तृत माँग या भौतिक अपेक्षाओं के। इसलिए, आज जिस तरह दहेज प्रथा प्रचलित है, वह एक नवीनता (बिदअत) है जो महिलाओं के प्रति निष्पक्षता, करुणा और सम्मान के इस्लामी मूल्यों के सीधे विपरीत है।

इन शिक्षाओं के बावजूद, सांस्कृतिक प्रभावों, औपनिवेशिक काल के व्यक्तिगत कानूनों के संहिताकरण और गैर-इस्लामी परंपराओं की नकल के कारण दहेज प्रथा दक्षिण एशिया के मुस्लिम समुदायों में भी पैठ बना चुकी है। इस्लाम जिसे उत्पीड़न मानता है, वह दुर्भाग्य से कई परिवारों में सामान्य हो गया है। अकेले भारत में हर साल दहेज से संबंधित हजारों मौतें दर्ज की जाती हैं, और मुस्लिम महिलाएं भी इस भयावह आंकड़े से अछूती नहीं हैं। हालाँकि जनसंख्या के आकार के कारण आँकड़े अक्सर हिंदू-बहुल मामलों को उजागर करते हैं, मुस्लिम महिलाओं को भी दहेज से जुड़ी क्रूरता का सामना करना पड़ता है। भारतीय मुसलमानों में दहेज का प्रचलन आस्था और व्यवहार के बीच एक गहरे विरोधाभास को दर्शाता है। एक ओर, मुसलमान कुरान और सुन्नत का पालन करने पर गर्व करते हैं, जहाँ महिलाओं के अधिकारों की रक्षा की जाती है।

दूसरी ओर, व्यवहार में, कई परिवार बेटियों को आर्थिक बोझ समझते हैं, उन्हें एक ऐसी परंपरा के अधीन कर देते हैं जिसे इस्लाम स्पष्ट रूप से अस्वीकार करता है। इस्लामी सिद्धांतों के साथ यह विश्वासघात न केवल महिलाओं को नुकसान पहुँचाता है, बल्कि मुस्लिम समाज के नैतिक ताने-बाने को भी कमजोर करता है। दहेज प्रथा को लागू करने में समुदाय की चुप्पी, और कभी-कभी मिलीभगत, न्याय और दया के पैगम्बरी संदेश को कमजोर करती है। कुरान दूसरों के धन को अन्यायपूर्ण तरीके से हड़पने के खिलाफ चेतावनी देता है, फिर भी दहेज की माँग कुछ और नहीं बल्कि प्रथा के रूप में छिपी हुई जबरन वसूली है। चौंकाने वाली मौतों के अलावा, भारत में अनगिनत मुस्लिम महिलाएँ दहेज के कारण लगातार मनोवैज्ञानिक दबाव में रहती हैं। नवविवाहित दुल्हनों को अक्सर यह याद दिलाया जाता है कि उनके परिवारों ने क्या दिया या क्या नहीं दिया।

यह निरंतर अपमान उनकी गरिमा को छीन लेता है और वैवाहिक जीवन में विषाक्त वातावरण पैदा करता है। माता-पिता भी अक्सर बेटियों के होने पर आर्थिक निराशा महसूस करते हैं, क्योंकि उनमें से कई बेटों की शिक्षा और करियर में निवेश करना पसंद करते हैं, यह मानते हुए कि बेटियाँ दहेज के माध्यम से केवल संसाधनों को ही बर्बाद करेंगी। इस प्रकार, यह प्रथा अप्रत्यक्ष रूप से मुस्लिम परिवारों में निरक्षरता, कम उम्र में विवाह और लड़कियों की उपेक्षा को बढ़ावा देती है। भारत का दहेज निषेध अधिनियम (1961) दहेज की माँग को अपराध घोषित करता है, और भारतीय दंड संहिता की धारा 304B (अब BNS की धारा 79 और 80) दहेज हत्याओं से संबंधित है। हालाँकि कानून मौजूद हैं, लेकिन उनका क्रियान्वयन कमज़ोर है।

पीड़ितों को अक्सर धमकियों, पारिवारिक सहयोग की कमी या सामाजिक कलंक के डर से चुप करा दिया जाता है। पुलिस जाँच अधूरी हो सकती है, और अदालती मामले वर्षों तक चलते रहते हैं, जिससे शोकाकुल परिवारों को न्याय नहीं मिल पाता। मुस्लिम नेताओं और संगठनों को, केवल कानूनी उपायों पर निर्भर रहने के बजाय, इस समस्या के धार्मिक और सांस्कृतिक पहलुओं का सक्रिय रूप से सामना करने की आवश्यकता है। मस्जिदों में उपदेश, शैक्षिक अभियान और समुदाय-नेतृत्व वाले हस्तक्षेप मुस्लिम समाज में दहेज को सामान्य मानने की परंपरा को तोड़ने में मदद कर सकते हैं। दहेज से जुड़ी भारतीय मुस्लिम लड़कियों की बढ़ती मौतें धार्मिक आदर्शों और वास्तविकताओं के बीच एक चिंताजनक अंतर को उजागर करती हैं।

इस सामाजिक बुराई से खोई हर जान समुदाय की अंतरात्मा पर एक कलंक है। अगर भारतीय मुसलमानों को न्याय, करुणा और महिलाओं की गरिमा के समर्थक धर्म के अनुयायी के रूप में अपनी पहचान पुनः प्राप्त करनी है, तो उन्हें दहेज के खिलाफ एक अटूट लड़ाई लड़नी होगी।

## वास्तुशास्त्र

# दिवाली पर तुलसी के आसान उपाय, दूर करें आर्थिक तंगी!

हर साल कार्तिक मास की अमावस्या तिथि के दिन दिवाली का त्यौहार बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाता है. इस दिन घरों में दीपक जलाए जाते हैं. साथ ही माता लक्ष्मी और गणेश भगवान की पूजा की जाती है. धार्मिक मान्यता है कि दिवाली के दिन माता लक्ष्मी के पूजन से जीवन में सुख-शांति रहती है. सुख-सौभाग्य बढ़ता है. साथ ही माता के आशीर्वाद से धन प्राप्ति के रास्ते खुलते हैं.दिवाली के दिन तुलसी के पौधे के पास घी का दीपक जलाना चाहिए. साथ ही पौधे की परिक्रमा करनी चाहिए. इस उपाय को करने से माता लक्ष्मी की कृपा होती है, जिसके प्रभाव से आर्थिक तंगी दूर होती है. साथ ही जीवन में कभी धन की कमी नहीं होती. दिवाली के दिन तुलसी की पूजा बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है. इस दिन सुबह स्नान करने के बाद तुलसी की पूजा करनी चाहिए. तुलसी माता को सुहाग की चीजें चढ़ानी चाहिए. फिर उन चीजों को किसी सुहागिन महिला को दान दे देना चाहिए. ऐसा करने से दांपत्य जीवन में खुशियां आती हैं.दिवाली के दिन जल में थोड़ा गंगाजल मिलाकर तुलसी को चढ़ाना चाहिए. साथ ही तुलसी के मंत्रों का जाप करना चाहिए. इस उपाय को दिवाली के दिन करने से शुभ परिणाम प्राप्त होते हैं. साथ ही माता लक्ष्मी के आशीर्वाद से रुके हुए काम पूरे होते हैं.

## आस्था

# धनतेरस या दिवाली: कब खरीदें गणेश-लक्ष्मी की मूर्ति?



करवाचौथ के बाद से बाजारों में रौनक बढ़ी हुई है क्योंकि दिवाली का त्यौहार आने वाला है. इस बार दिवाली 20 अक्तूबर को मनाई जाएगी और धनतेरस 18 अक्टूबर की है. ऐसे में लोगों के मन में सवा उठ रहा है कि गणेश-लक्ष्मी की मूर्ति को किस दिन खरीदना शुभ माना गया है, क्या इसे धनतेरस के दिन खरीद सकते हैं? धार्मिक ग्रंथों और परंपराओं के अनुसार, धनतेरस से लेकर दीपावली की अमावस्या तक का समय शुभ माना गया है. ज्योतिषाचार्य आनंद सागर पाठक के मुताबिक, धनतेरस के दिन नई मूर्ति खरीदना शुभ बताया गया है. इस दिन देवी लक्ष्मी समुद्र मंथन से प्रकट हुई थीं इसलिए इसे समृद्धि का प्रारंभिक दिन कहा गया. यही वजह है कि धनतेरस पर मूर्ति खरीदना और दीपावली की शाम उसका पूजन करना सबसे उत्तम होता है, ऐसा करने से घर में धर की बरसा होती है और सुख-समृद्धि बनी रहती है. साथ ही साथ लक्ष्मीजी का स्थायी वास हो जाता है.

धनतेरस पर मूर्ति घर लाने से पहले पूजा स्थल की सफाई करें.मूर्ति को लाल कपड़े में लपेटकर रखें और दीपावली की रात पूजा में स्थापित करें. मूर्ति को पैर के नीचे न रखें या एक मूर्ति को दोबारा पूजा में इस्तेमाल न करें.टूटी या खंडित मूर्तियों को घर में नहीं रखना चाहिए.

## व्यंग्य

वीरेन्द्र जैन

# बसंत में बीमारी

कभी-कभी प्रभु की मति भी मारी जाती है। जैसे कोई ढीठ मक्खी बार- बार उड़ाने पर भी किसी चरित्रवान व्यक्ति की नाक पर बैठने की गुस्ताखी करती है और चरित्रवान व्यक्ति को इसके अलावा दूसरा कोई रास्ता नही सूझता कि मक्खी को मार दिया जाए इसी तरह मति भी मारी जाने के लिए मजबूर हो जाती है। अब मति चाहे प्रभु की हो, प्रभुवर्ग की हो या आम जनता की, जब मारी जाना होती है सो मारी ही जाती है।

जबसे मैंने यह सुना है कि उसकी इच्छा के बिना पत्ता भी नहीं हिलता तभी से मैं अपने सारे दोष उसी पर मढ़ देने में सिद्वहस्त हो गया हूं। अब यह भी कोई बात हुई कि वह मुझे बीमारी दे और वह भी बसंत के मौसम में, यह उसकी मति मारे जाने का लक्षण नहीं तो और क्या है? अरे भला आदमी बीमारी को कुछ अच्छा सा अवसर देखकर नही दे सकता था! कि जब दफ्तर में ज्यादा काम हो तब दे द, जब बच्चे छुट्टियों में पहाड़ घुमाने की जिद कर रहे हों तब दे दे। ऐसे रिश्तेदारों के यहां विवाह समारोह हो जहां बड़ा खर्च करना जरूरी होता है तब दे देता। लोग इस्तीफा देने तक में अवसर की अनुकूलता का ध्यान रखते हैं और यह प्रभु है कि बीमारी देने में भी वक्त नही देखता। सोचता हू कि मोनोपली का लाभ उठाने में जब सभी माहिर हैं तो प्रभु ही क्यों पीछे रहे, वह भी राशन के दुकानदार या विद्युत टेलीफोन विभाग की तरह अपनी मनमानी करता रहता है।

वैसे बसंत में लोग बनावटी बीमार दिखने में भी आनंदित महसूस करते है, कोई प्रेमरोगी होने का ढोंग करता है तो किसी का दिलो जिगर चाक- चाक हुआ रहता है, भले ही उसमें से रक्त की एक बूंद भी न टपकती हो। कोई अपना बैंक बैलेन्स, दुकान, जमीन, बीमा, का पैसा आदि छोड़कर शेष सारा जीवन न्यौछावर करता नजर आता है। जैसे कि जीवन नहीं नाक हो जिसे जब चाहे छिनका जा सके।

## आलेख

शिवा अग्रवाल

# गंगा को भी अब मोक्ष चाहिए

गंगा जो समस्त चराचर के प्राणियों को जीवन व मोक्ष प्रदान करती है आज मानव द्वारा उसकी कैसी दुर्गति की जा रही है कि स्वयं गंगा आज अपने मोक्ष के लिए छटपटाती दिखायी दे रही है। कारण मात्र एक ही है गंगा में गिरने वाले गंदे नाले। गंगा में विभिन्न अन्य कारणों से बढ़ता प्रदूषण। इन पर लाख कोशिशों के बावजूद भी रोक लगा पाना संभव नहीं दिख रहा है। आधुनिकीकरण की अंधी दौड़ तथा स्वार्थ सिद्धि के चलते मानव ने प्रकृति का हमेशा से दोहन किया परन्तु इसी दोहन की पराकाष्ठा सृष्टि के विनाश का कारण बनती है। आज मनुष्य अपने क्रियाकलापों से अपने जमींदोज होने का साजो समान तैयार कर रहा है। प्रदूषण की समस्या विकराल होकर जनमानस के सामने है। परन्तु फिर भी हम मूकदर्शक बने बैठे हैं। गंगा की अस्मिता के साथ खिलवाड़ भी इसका एक हिस्सा है। कहते हैं गंगा के दर्श, पर्श और जल के पान से ही मनुष्य पवित्र हो जाता है किन्तु गंगा का जल आज मनुष्य द्वारा अपवित्र कर दिया गया है। जो केवल दर्श मात्र तक ही सिमटकर रह गया है। स्नान और पीने के पानी योग्य गंगा का जल आज मानव ने नहीं छोड़ा। गौमुख से पूर्व मीलों लम्बे हिमालय का सीना चीर कल-कल निनाद करती गंगा की स्वच्छ धारा आज अपने उद्गम स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र कहीं दिखाई नहीं पड़ती। यूं तो गौमुख से लेकर ऋषिकेश तक पहाड़ों के सैकड़ों मील लंबे संकरे रास्ते से गुजरती हुई गंगा नदी न जाने कितने नदी नालों को अपने अंदर समाहित किये हुए कुंभ नगरी में अपने रूप में विस्तार करती है। वैसे तो ऋषिकेश से ही गंगा की दुर्दशा की कहानी प्रारम्भ हो जाती है। जहां न जाने कितने गंदे नाले इसमें प्रवाहित किये जाते हैं किन्तु हरिद्वार तक आते-आते मात्र कुछ ही किलोमीटर के सफर में गंगा का जल और भी अधिक विकृत हो जाता है। जहां न जाने कितने गंदे नाले और अन्य तरह के पदार्थ गंगा में प्रवाहित होते हैं। गंगा के प्रति आस्था रखने वाले प्रत्येक जन का मन गंगा की इस दुर्दशा को देख द्रवित हुए बिना नहीं रहता और अन्तः करण से एक ही चीत्कार निकलती है कि मनुष्य का कल्याण करने वाली हे गंगा आज मानव द्वारा तेरे साथ क्या किया जा रहा है।

# दिवाली पर घर के मंदिर की सफाई कैसे करें?



दीपावली आते ही हर घर में सफाई का दौर शुरू हो जाता है. पर्दे से लेकर फर्नीचर तक, सब चमक उठते हैं, लेकिन एक जगह अक्सर आखिर में आती है...घर का मंदिर. जल्दबाज़ी में देवी-देवताओं के फोटो फ्रेम या मूर्तियों की सफाई सही से नहीं हो पाती. कभी कांच पर धूल रह जाती है, तो कभी दीवार पर तेल और धुएं के निशान. अगर आप भी सोच रही हैं कि इस बार मंदिर को कैसे एकदम नया बनाया जाए, तो आगे दिए गए 7 आसान घरेलू टिप्स आपके बहुत काम आएंगे. सबसे पहले फ्रेम पर जमी धूल को हटाने के लिए सूखे माइक्रोफाइबर कपड़े का इस्तेमाल करें. यह कपड़ा धूल को अपने अंदर खींच लेता है और फोटो पर स्क्रैच भी नहीं आने देता. ध्यान रखें, फ्रेम को रगड़ें नहीं, वरना फोटो को नुकसान हो सकता है.अगर फ्रेम पर तेल या धुएं के निशान हैं, तो एक चम्मच सिरका और एक कटोरी पानी मिलाकर उसका हल्का स्प्रे करें, फिर नरम कपड़े से पोंछ लें. इससे कांच की चमक वापस आ जाएगी. लकड़ी या सुनहरे बॉर्डर वाले फ्रेम पर सिरका सीधे न लगाएं, पहले टेस्ट जरूर करें.कभी-कभी फ्रेम के किनारों में धूल फंस जाती है. इसके लिए पुराना टूथब्रश या कॉटन स्वैब लें और हल्के-हल्के साफ करें. इससे बारीक डिजाइन में फंसी धूल आसानी से निकल जाएगी.अगर फ्रेम लकड़ी के हैं, तो नींबू तेल या ऑलिव ऑयल का उपयोग करें. कुछ बूंदें कपड़े पर लेकर फ्रेम पर हल्के हाथों से रगड़ें. लकड़ी नई जैसी चमक उठेगी और उसमें एक हल्की सी महक भी रहेगी.

# क्या संकेत देती है टूटी हुई भाग्य रेखा?

हथेली में कई तरह की रेखाएं और निशान बने होते हैं। इनकी मदद से किसी भी व्यक्ति के भूत, वर्तमान और भविष्य का पता लगाया जा सकता है। हाथ में मस्तिष्क रेखा से लेकर जीवन रेखा, हृदय रेखा और भाग्य रेखा होती हैं। इन रेखाओं को पढ़कर-समझकर किसी भी की जिंदगी की किताब पढ़ी जा सकती हैं। ये रेखाएं किसी भी व्यक्ति की जिंदगी की खुली किताब जैसी ही हैं। आज बात करेंगे भाग्य रेखा की। भाग्य रेखा हमेशा मणिबंध से शुरु होती है। मध्यमा उंगली से नीचे शनि पर्वत की ओर आती हुई लकीर ही भाग्य रेखा कहलाती है। इस रेखा की मदद से किसी भी व्यक्ति के करियर और उसके भाग्य के बारे में पता किया जा सकता है। हस्तरेखा शास्त्र के हिसाब से अगर किसी पुरुष का हाथ देखा जा रहा है तो उसके दाहिने हाथ को देखना चाहिए। वहीं महिलाओं का बांए हाथ को देखा जाता है।

अगर किसी व्यक्ति की हथेली में ये रेशा शनि पर्वत तक आसानी से पहुंचती है तो इसका साफ-साफ मतलब है कि वो बेहद ही लकी है। उसे जिंदगी के हर मोड़ पर सफलता मिलने वाली है। चाहे प्रोफेशनल हो या फिर पर्सनल लाइफ। अगर ये रेखा एक दम क्लियर और लंबी हो तो इसे और भी शुभ माना जाता है।


# क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं




दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्परारी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सांस (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप ,चित्रकहरीतकी, वासावलेह , स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल ,तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप ,एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा ,श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080.


नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादक: इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, मंगलवार, 14 अक्तूबर 2025

# जिला चंद्रपुर-गढ़चिरोली



## 'भाजपा ने मुझे हराने के लिए पांच करोड़ खर्च किये'

> विधायक धर्मरावबाबा आत्राम का आरोप
> कहा > स्थानीय निकाय चुनाव में भाजपा को एक भी सीट नहीं दूंगा

**गढ़चिरोली.**

पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मुझे हराने के लिए पूरे पाँच करोड़ रुपये खर्च कर मेरे ही भतीजे को मेरे खिलाफ चुनाव मैदान में उतारा था, ऐसा गंभीर आरोप राष्ट्रवादी कांग्रेस (अजित पवार गुट) के नेता, पूर्व मंत्री और विधायक धर्मरावबाबा आत्राम ने लगाया। वे आज चामोर्शी में आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की ओर से आगामी स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं के चुनाव के मद्देनज़र 'जनकल्याण यात्रा' का आयोजन चामोर्शी में किया गया। इस अवसर पर धर्मरावबाबा आत्राम ने भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए घोषणा की कि वे स्थानीय स्वराज्य संस्था चुनाव स्वबल (अपने दम) पर लड़ेंगे।



आत्राम ने कहा, "भाजपा ने पाँच करोड़ रुपये देकर मेरे ही भतीजे को मेरे खिलाफ खड़ा किया, लेकिन जनता ने मुझे जिताया। इसलिए अब आने वाले स्थानीय निकाय चुनाव में मैं भाजपा को एक भी हिस्सा नहीं दूँगा। मेरे क्षेत्र में कौन सी सीटें हम लड़ेंगे और कौन सी देंगे, यह मैं ही तय करूँगा।"

**'सरकार किसानों के साथ मज़बूती से खड़ी है'- विधायक अमोल मिटकरी :** इस कार्यक्रम में विधायक अमोल मिटकरी ने कहा, "बाढ़ और अतिवृष्टि के कारण किसानों को भारी नुकसान हुआ है, लेकिन महायुती सरकार ने उन्हें बड़ी राहत दी है। आगे भी सरकार किसानों के साथ मज़बूती से खड़ी रहेगी। गढ़चिरोलीजिला संघर्ष और क्रांति की धरती है, और उसके सर्वांगीण विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।"

**स्थानीय युवाओं के हक़ में ठाम भूमिका :** आत्राम ने आगे कहा, "कोनसरी के लोह-निर्मिती प्रकल्प में स्थानीय युवाओं को ही रोजगार मिलना चाहिए। भेंडाळा क्षेत्र के 14 गाँवों की ज़मीन उद्योग के लिए अधिग्रहित करने की तैयारी चल रही है, लेकिन हम किसानों के साथ हैं। एक इंच भी ज़मीन नहीं जाने देंगे। अगर किसी ने दबाव डालने की कोशिश की, तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।" सभा में ज़िलेभर से बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

**महायुती में बढ़ती दरार :** दो दिन पहले ही धर्मरावबाबा आत्राम ने शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता और ज़िले के सह-पालकमंत्री आशिष जयस्वाल पर उनके विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों में हस्तक्षेप का आरोप लगाया था। अब भाजपा पर सीधा निशाना साधने से साफ है कि महायुती (शिवसेना–भाजपा–राष्ट्रवादी) में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है।

**कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख व्यक्ति :** इस यात्रा में फिल्म अभिनेत्री अमृता खानविलकर, विधान परिषद सदस्य अमोल मिटकरी, राष्ट्रवादी कांग्रेस के ज़िलाध्यक्ष रवींद्र वासेकर, सिनेट सदस्य तनुश्री आत्राम, महिला आघाड़ी ज़िलाध्यक्ष डॉ. सोनल कोवे, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष डॉ. तामदेव दुधबळे, लौकिक भिवापुरे, पूर्व जि.प. सदस्य नाना नाकाडे, तालुकाध्यक्ष निशांत नैताम, नगरसेवक राहुल नैताम, रिंकू पापडकर, एड. डिंपल उंदिरवाडे, और डॉ. नोमेश जुवारे सहित अनेक मान्यवर उपस्थित थे।




बगैर अनुमति लिए बैनर लगाए जाते हैं और ऊपर से रोड पर चलने वालोंकी परेशान भी बढ़ाई जाती हैं।

## दिवाली से पहले ग्रामीण क्षेत्रों में अनाज की आपूर्ति की जाए

> रास्तभाव दुकानदार संगठन की मांग
> चिमूर के तहसीलदार श्रीधर राजमाने को सौंपा गया ज्ञापन

**चिमूर.**



चिमूर तालुका के रास्तभाव दुकानदार संगठन की ओर से उप-विभागीय अधिकारी, प्रशासनिक कार्यालय, चिमूर, साथ ही चिमूर के तहसीलदार श्रीधर राजमाने को एक ज्ञापन सौंपा गया है। इस ज्ञापन में कहा गया है कि, दिवाली त्योहार के मद्देनजर, ग्रामीण क्षेत्रों में उचित मूल्य की दुकानों पर अभी तक सरकारी अनाज नहीं पहुंचा है, जिससे नागरिकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

वर्तमान में, सरकारी गोदामों से केवल चिमूर नगर परिषद और भिसी नगर पंचायत जैसे शहरी क्षेत्रों में ही अनाज का वितरण किया गया है, जबकि तालुका के शेष ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी अनाज नहीं पहुँचा है। इसके कारण, गांवों में नागरिकों के बीच यह चर्चा चल रही है कि उन्हें दिवाली से पहले अनाज मिलेगा या नहीं? ग्रामीण क्षेत्र के लाभार्थी अनाज की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

संगठन के अनुसार, अनाज की आपूर्ति में देरी के कारण उचित मूल्य के दुकानदारों को जनता के गुस्से का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए, ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि दिवाली से पहले तत्काल अनाज आपूर्ति की कार्यवाही की जाए। ज्ञापन सौंपते समय रास्तभाव दुकानदार संगठन के अध्यक्ष संजय डी. पाटिल, सचिव कपूरदास सहारे, साथ ही संगठन के अन्य पदाधिकारी और उचित मूल्य दुकानदार मौजूद थे।

### आपूर्ति निरीक्षक का जवाब

अगले दो-तीन दिनों के भीतर, सरकारी गोदामों से सरकारी और निजी वाहनों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की उचित मूल्य की दुकानों तक अनाज पहुँचाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

**-प्रवीण वानखेड़े, अनाज आपूर्ति निरीक्षक, चिमूर**

## चिमूर पंचायत समिति आरक्षण लॉटरी घोषित, बदलेंगे राजनीतिक समीकरण

**चिमूर, शुभम बारसागडे**

आगामी पंचायत समिति चुनावों के मद्देनजर बहुप्रतीक्षित चिमूर पंचायत समिति के लिए सीटों के आरक्षण की घोषणा कर दी गई है। लॉटरी (सोडत) प्रक्रिया पूरी होने के बाद विभिन्न प्रभागों (गट) में आरक्षण तय हो गया है, जिससे स्थानीय राजनीति में हलचल मच गई है और संभावित उम्मीदवारों के बीच चुनावी बिसात बिछनी शुरू हो गई है। घोषित आरक्षण के अनुसार, इस बार कई महत्वपूर्ण सीटों पर वर्ग और महिला आरक्षण लागू हुआ है, जिससे पुराने दिग्गजों के लिए नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं।

**प्रमुख सीटों का आरक्षण विवरण:** अन्य पिछड़ा वर्ग: अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए दो सीटें आरक्षित की गई हैं, जिनमें सावरगाव सीट अन्य पिछड़ा (सामान्य) वर्ग के लिए जबकि खडसंगी सीट ओबीसी महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुई है।

**सामान्य/खुला वर्ग:** नेरी सीट को सामान्य वर्ग के लिए खुला रखा गया है, वहीं नवतळा सीट सामान्य महिला (जनरल महिला) वर्ग के खाते में गई है।

**अनुसूचित जाति:** अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित सीटों में शंकरपूर अनुसूचित जाति (सामान्य) वर्ग के लिए, और डोमा सीट अनुसूचित जाति महिला अनुसूचित जातिमहिला) वर्ग के लिए आरक्षित की गई है।




**अनुसूचित जनजाति:** अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए भी आरक्षण महत्वपूर्ण रहा है। आंबोली और मासळ दोनों सीटें अनुसूचित जनजाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुई हैं, जबकि गदगाव और पळसगाव की सीटें अनुसूचित जनजाति (सामान्य) वर्ग के लिए आरक्षित की गई हैं। यह आरक्षण लॉटरी कई मजबूत दावेदारों के लिए अप्रत्याशित साबित हो सकती है, जिन्हें अब अपनी सीटों को बदलकर नए क्षेत्रों से किस्मत आजमानी पड़ेगी या अपने परिवार के सदस्यों को चुनाव मैदान में उतारना पड़ेगा। महिला आरक्षण ने विशेष रूप से राजनीतिक परिदृश्य को बदल दिया है।

आरक्षण की घोषणा होते ही चिमूर क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। विभिन्न दलों के कार्यकर्ता और संभावित उम्मीदवार अब नए सिरे से चुनावी रणनीति बनाने और जनसंपर्क अभियान शुरू करने में जुट गए हैं। यह आरक्षण चिमूर पंचायत समिति चुनाव को और भी रोमांचक बना देगा।

## भगवंतराव मागासवर्गीय बालक छात्रावास के विद्यार्थियों ने 'मीना बाजार' का भरपूर आनंद लिया

> शाहीन ताई की पहल से मिला खास अवसर



**अहेरी.**

अहेरी स्थित भगवंतराव मागासवर्गीय बालक छात्रावास सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए संचालित किया जाता है। यहां पढ़ने वाले अधिकांश छात्र अत्यंत कठिन परिस्थितियों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। आर्थिक तंगी के कारण उन्हें सामान्यतः सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर नहीं मिलता।

लेकिन, शाहीन ताई की संवेदनशीलता और समाजसेवा की भावना के कारण इन विद्यार्थियों को खुशी और अनुभव का एक अनोखा मौका मिला। अहेरी में हाल ही में आयोजित 'मीना बाजार' इस क्षेत्र का प्रमुख आकर्षण था। इस बाजार में खाद्य पदार्थों के स्टॉल, खिलौने, कपड़े, हस्तकला वस्तुएं, झूले, खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल थे।

आम तौर पर ऐसे आयोजनों में प्रवेश और खरीदारी पर खर्च आता है, जिसके कारण छात्रावास के विद्यार्थियों के लिए उसमें भाग लेना संभव नहीं था। यह बात समझते हुए शाहीन ताई ने मीना बाजार के आयोजक समीर शेख (नांदेड़) और अश्फाक भाई (नागपुर) से संपर्क कर सभी विद्यार्थियों के लिए विशेष निःशुल्क प्रवेश की व्यवस्था करवाई।

विद्यार्थियों ने इस पहल के लिए शाहीन ताई का हार्दिक आभार व्यक्त किया। "हमने पहली बार ऐसा बाजार देखा। झूले पर बैठे, खेल खेले और खूब मजा किया। यह दिन हमें हमेशा याद रहेगा," विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक कहा।

शाहीन ताई का यह प्रयास सामाजिक जागरूकता और मानवीय संवेदना का प्रेरणादायी उदाहरण बन गया है।

वे इससे पहले भी कई बार जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता के लिए आगे आई हैं। इस उपक्रम की सराहना छात्रावास के विद्यार्थियों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों ने भी की।

## कल से राज्य में आंधी-बारिश का अलर्ट

**कृषि विभाग की अपील, किसान फसल को बारिश और तेज़ हवाओं से सुरक्षित रखें**

**मुंबई, गढ़चिरोली.**

पिछले कुछ दिनों से राज्य में मौसम पूरी तरह शुष्क बना हुआ है और दक्षिण-पश्चिम मानसून ने राज्य से विदाई ले ली है। हालांकि, 15 अक्टूबर से राज्य के मौसम में एक बार फिर बदलाव की संभावना जताई गई है। 15 से 18 अक्टूबर के बीच विदर्भ, मराठवाड़ा और मध्य महाराष्ट्र के कई हिस्सों में दोपहर के बाद आंधी के साथ बारिश होने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, सबसे ज़्यादा आंधी-बारिश की संभावना विदर्भ और मराठवाड़ा क्षेत्रों में है, जहाँ कई स्थानों पर बादल छाए रहने



या गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। तुलनात्मक रूप से खानदेश और मध्य महाराष्ट्र में छिटपुट यानी बिखरी हुई आंधी-बारिश हो सकती है। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे मौसम की इस संभावित स्थिति को ध्यान में रखते हुए खेतों का नियोजन करें और कटाई की गई फसल, भूसा तथा अन्य कृषि सामग्री को सुरक्षित स्थान पर रखें, ताकि बारिश और तेज़ हवा से नुकसान न हो।

## 'साइबर जनजागृति साइकिल रैली' का आयोजन

> गढ़चिरोली पुलिस दल का उपक्रम

**गढ़चिरोली.**

केंद्रीय गृह मंत्रालय के 'साइबर जनजागृति माह' अभियान के अंतर्गत गडचिरोली पुलिस दल की ओर से आज एक भव्य 'साइबर जनजागृति साइकिल रैली' का आयोजन किया गया। अक्टूबर 2025 के पूरे महीने में गढ़चिरोली पुलिस विभाग द्वारा विभिन्न साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

तेज़ी से बढ़ रहे साइबर अपराधों और इंटरनेट तथा सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले धोखाधड़ी के मामलों पर रोक लगाने के उद्देश्य से, केंद्रीय गृह मंत्रालय के मार्गदर्शन में अक्टूबर माह को पूरे देश में 'साइबर जनजागृति माह' के रूप में मनाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत गडचिरोली में यह साइकिल रैली आयोजित की गई।




यह रैली पुलिस कवायत मैदान, गडचिरोली से शुरू होकर ट्रेंड्स मॉल, धानोरा रोड तक निकाली गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) एम. रमेश, अपर पुलिस अधीक्षक (प्रशासन) गोकुल राज जी., तथा पुलिस उप-अधीक्षक (अभियान) विशाल नागरगोजे समेत लगभग 300 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। रैली का समापन शहीद पांडु आलाम सभागार में किया गया।

इस रैली का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव तथा डिजिटल साधनों का सुरक्षित उपयोग को लेकर जागरूकता फैलाना था। बढ़ते डिजिटल लेन-देन के साथ साइबर अपराधों में भी इज़ाफा हो रहा है, इसलिए हर नागरिक को अपनी व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक है।

साइबर जनजागृति माह के दौरान पुलिस विभाग की ओर से विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएँ, स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता अभियान, ऑनलाइन वेबिनार्स और सोशल मीडिया प्रचार अभियान आयोजित किए जाएंगे।

रैली के दौरान पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने नागरिकों से अपील की "हर नागरिक को इस साइबर जनजागृति अभियान में सक्रिय भाग लेकर साइबर सुरक्षा में सहयोग देना चाहिए। किसी भी अजनबी के साथ अपना OTP या व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है, तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 / 1945 पर संपर्क करें या www.cybercrime.gov.in वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करें।"

इस कार्यक्रम की सफलता के लिए स्थानीय अपराध शाखा के पोनि. अरुण फेगडे, साइबर पुलिस स्टेशन की मपोउपनि. नेहा हांडे तथा सभी शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने विशेष परिश्रम लिया।

## मुस्लिम वेलफेयर एसोसिएशन के कोजागिरी 'स्नेह मिलन' कार्यक्रम में सौहार्द की गूंज

> अब्दुल मतीन शेख ने जताई नगर निगम चुनाव लड़ने की इच्छा, राजनीतिक सरगर्मियां तेज

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

शहर में सामुदायिक सौहार्द और भाईचारे का अनूठा उदाहरण पेश करते हुए मुस्लिम वेलफेयर एसोसिएशन और राजीव गांधी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को कोजागिरी स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न धर्मों के नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजीव गांधी कॉलेज के अध्यक्ष और मुस्लिम वेलफेयर एसोसिएशन के विदर्भ अध्यक्ष अब्दुल मतीन शेख ने की। कार्यक्रम में विधायक किशोर जोरगेवार और विधान परिषद सदस्य सुधाकर अडबाले मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शहर के कई प्रतिष्ठित नागरिकों व गणमान्य व्यक्तियों ने भी इसमें भाग लिया।

अपने संबोधन में विधायक जोरगेवार ने चंद्रपुर की गहरी सांप्रदायिक सौहार्द की परंपरा की सराहना की।



उन्होंने कहा, "चंद्रपुर के इतिहास में आज तक कभी साम्प्रदायिक दंगा नहीं हुआ। यहां के लोग मिलजुलकर रहते हैं और सभी धर्मों के त्योहार मिलकर मनाते हैं।" उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज़ में कहा कि नगर निगम चुनाव के नजदीक आते ही शहर का राजनीतिक माहौल गर्म हो चला है और कई उम्मीदवार अब अपने नेताओं की नजदीकियां बढ़ाने लगे हैं। विधायक सुधाकर अडबाले ने भी मतीन शेख की पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में आपसी विश्वास, एकता और सद्भाव को और मज़बूत बनाते हैं। उन्होंने कहा, "चंद्रपुर आपसी भाईचारे और धार्मिक सौहार्द की मिसाल है, जहां विविध समुदाय एक साथ मिलकर शांति और प्रेम का वातावरण बनाते हैं।" अपने अध्यक्षीय भाषण में अब्दुल मतीन शेख ने राजनीति में उतरने का संकेत देते हुए स्पष्ट रूप से कहा कि वे जटपुरा वार्ड से नगर निगम चुनाव लड़ने की इच्छा रखते हैं और इसके लिए भाजपा का टिकट मांगने का इरादा रखते हैं।




CMYK

# 8 साल में सबसे निचले स्तर पर रिटेल इंफ्लेशन

**नई दिल्ली.**



खाद्य पदार्थों की कीमतों में लगातार कमी की वजह से भारत की रिटेल इंफ्लेशन सितंबर में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के 2-6% के टारगेट से नीचे 1.54% पर आ गई, जो अगस्त में 2.07% थी. जून 2017 के बाद से इंफ्लेशन का ये सबसे लो लेवल है. यानी की 8 सालों में सबसे कम महंगाई सितंबर 2025 में ही कम हुई है.

रॉयटर्स ने 38 इकोनॉमिस्ट्स से सर्वे किया, जिसमें अनुमान था कि सितंबर में रिटेल इंफ्लेशन 1.70% तक कम हो सकता है. खाने-पीने की चीजों की इंफ्लेशन, जो कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स का लगभग आधा हिस्सा है, सितंबर में और घटकर -2.28% हो गई, जबकि पिछले महीने ये -0.69% थी. हाल के महीनों में खाने की चीजों की कीमतें पिछले साल के हाई लेवल से बहुत कम हुई हैं, खासकर सब्जियों की कीमतें अप्रैल से डबल डिजिट में गिर रही हैं. कीमतों का प्रेशर लगातार सात महीने से रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के 4% टारगेट से नीचे है. इकोनॉमिस्ट्स को लग रहा था कि इस साल इन्फ्लेशन कंट्रोल करने वाला बेस इफेक्ट अगस्त में खत्म हो जाएगा, लेकिन ऑफिशियल डेटा दिखाता है कि खाने की कीमतें पिछले साल के मुकाबले कंट्रोल में रहीं, और ये ट्रेंड सितंबर में भी शायद जारी रहा.

नवीनतम डेटा दिखाता है कि कीमतों का प्रेशर कम रहने की संभावना है और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को आसान करने से आने वाले महीनों में भी कीमतें कंट्रोल में रहेंगी. इस महीने की शुरुआत में भारतीय रिजर्व बैंक ने बेहतर सप्लाई और लागत के दबाव में कमी का हवाला देते हुए वित्त वर्ष 2026 के लिए अपने इंफ्लेशन अनुमान को 3.1% से घटाकर 2.6% कर दिया. लेकिन इन्फ्लेशन का आंकड़ा इससे भी कम आया है.

**दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती संभव** : आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 1 अक्टूबर को कहा कि हाल ही में जीएसटी दरों को आसान करने से कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स की कई चीजों की कीमतें कम होंगी. कुल मिलाकर इंफ्लेशन के आंकड़े अगस्त में लगाए गए अनुमान से कम रहने की संभावना है, जिसका मुख्य कारण जीएसटी दरों में कटौती और खाने-पीने की चीजों की कीमतों में नरमी है. इंफ्लेशन आरबीआई के 4% के मिड-टर्म टारगेट से काफी नीचे होने के कारण, एनालिस्ट्स को उम्मीद है कि नीति निर्माता इकोनॉमी को बढ़ावा देने पर फोकस करेंगे. इकोनॉमिस्ट्स ने दिसंबर की मीटिंग में ब्याज दरों में 25 बेसिस पॉइंट्स की और कटौती की उम्मीद जताई है. आरबीआई ने इस साल की शुरुआत से अब तक ब्याज दरों में 100 बेसिस पॉइंट्स की कटौती की है.

# इस दीवाली कैलिफ़ोर्निया बादाम के साथ मनाएं सेहतमंद त्यौहार

## > सोहा अली खान ने बताया हेल्दी फेस्टिव सीक्रेट

**नई दिल्ली.**




रोशनी, मिठास और मिलन का प्रतीक दीवाली हर साल नई उमंग और उत्साह के साथ घर-घर को जगमगाता है। लेकिन जहां त्यौहार मिठाइयों और स्वादिष्ट पकवानों से भरपूर होता है, वहीं यह हमारे फिटनेस लक्ष्यों के लिए चुनौती भी बन सकता है। ऐसे में इस बार दीवाली को सेहतमंद अंदाज़ में मनाने का संदेश लेकर आए हैं कैलिफ़ोर्निया बादाम। 'ड्राई फ्रूट्स का राजा' कहे जाने वाले बादाम, प्रोटीन, फाइबर और हृदय-स्वस्थ वसा से भरपूर होते हैं। इनमें 15 आवश्यक पोषक तत्व जैसे कैल्शियम, मैग्नीशियम, ज़िंक, विटामिन इ आदि पाए जाते हैं, जो ब्लड शुगर कंट्रोल, हृदय स्वास्थ्य, मांसपेशियों की रिकवरी और वज़न प्रबंधन में मददगार होते हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री और फिट मॉम सोहा अली खान ने बताया कि वह त्योहारों में भी परिवार की सेहत को प्राथमिकता देती हैं। उन्होंने कहा, 'दीवाली हमारे लिए मिलन और मिठास का त्यौहार है, लेकिन मैं इनाया को यह सिखाने की कोशिश करती हूँ कि हम जो खाते हैं वह शरीर को कैसे प्रभावित करता है। इस बार हमने चीनी और अत्यधिक कार्ब वाले खाद्य पदार्थों की जगह बादाम को अपनाया है, जो न केवल स्वादिष्ट हैं बल्कि पोषक भी हैं.

कैलिफ़ोर्निया बादाम को आप स्नैक्स, मिठाइयों की टॉपिंग, या गिफ्ट पैक्स में शामिल कर इस त्यौहार को स्वाद और सेहत दोनों से भरपूर बना सकते हैं। इस दीवाली, रोशनी के साथ-साथ स्वास्थ्य भी बिखेरे – बादाम के संग एक स्मार्ट और सजग त्यौहार मनाएं।

# मीडियाटेक ने पेश की एडवांस्ड एआई और गेमिंग टेक्नोलॉजी

**नई दिल्ली.**




विश्व की अग्रणी फैबलेस सेमीकंडक्टर कंपनी मीडियाटेक ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 में अपने लेटेस्ट और सबसे एडवांस्ड चिपसेट डायमेन्सिटी 9500 को पेश कर तकनीकी दुनिया में हलचल मचा दी है। कंपनी ने इस चिपसेट के साथ ऑन-डिवाइस एआई और कंसोल-ग्रेड गेमिंग अनुभवों को एक नई ऊंचाई देने का दावा किया है। मीडियाटेक ने टीएसएमसी के साथ मिलकर एन2पी प्रोसेस पर आधारित अगली पीढ़ी के सिस्टम-ऑन-चिप विकसित करने की भी घोषणा की है, जिसका बड़े पैमाने पर उत्पादन अगले वर्ष शुरू होने की संभावना है।

डायमेन्सिटी 9500 चिपसेट न केवल पावर एफिशिएंसी में बेजोड़ है, बल्कि यह इमेज-टु-इमेज स्टाइल ट्रांसफॉर्मेशन, 4K रिजोल्यूशन टेक्स्ट-टु-इमेज जनरेशन और अनरीयल इंजन टेक्नोलॉजीज जैसे मेगा लाइट और नैनाइट को भी सपोर्ट करता है। इससे स्मार्टफोन यूजर्स को कंसोल-लेवल रीयल-टाइम विजुअल्स और गतिशील लाइटिंग के साथ शानदार मोबाइल एक्सपीरियंस मिलेगा।

आईएमसी 2025 के दौरान मीडियाटेक ने डायमेन्सिटी 8000 और 9000 सीरीज के स्मार्टफोन यूजर्स के लिए एक खास गेमिंग टूर्नामेंट का आयोजन किया, जिसमें 50 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मीडियाटेक इंडिया के मार्केटिंग एवं कम्युनिकेशंस निदेशक अनुज सिद्धार्थ ने कहा कि यह टूर्नामेंट सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि टेक्नोलॉजी को उत्साही समुदाय तक पहुंचाने का जरिया है। इसके साथ ही मीडियाटेक ने 'चार्टिंग इंडियाज़ टेलीकॉम विजन' और '6 जी यूज केसेस' जैसे चर्चाओं में हिस्सा लेकर भारत के डिजिटल भविष्य में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

दूसरे वर्ष लगातार आईएमसी में आधिकारिक टेक्नोलॉजी मीडिया लाउंज पार्टनर के रूप में भागीदारी कर मीडियाटेक ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह भारत में नवाचार, कनेक्टिविटी और इंटेलिजेंट टेक्नोलॉजी के भविष्य को आकार देने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

# सीआईआई नेक्सजेन मोबिलिटी शो

**मुंबई.**




नागपुर सीआईआई नेक्सजेन मोबिलिटी शो में विभिन्न विशेषज्ञ ऑटोमोटिव उद्योग तेजी से एआई सुविधाओं के साथ एक सॉफ्टवेयर-आधारित पारिस्थिति की तंत्र में बदल रहा है। विशेषज्ञों ने कहा, सीआईआई नेक्सजेन मोबिलिटी शो में सीआईआई सॉफ्टवेयर-लेड मोबिलिटी कॉन्क्लेव में विभिन्न विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। मारुति सुजुकी इंडिया लि. की कार्यकारी समिति के सदस्य सी. वी. रमन ने कहा कि वाहनों में सॉफ्टवेयर और एआई-संचालित सुविधाओं की बढ़ती हिस्सेदारी के साथ, मूल्य-आधारित दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

# नेस्ले इंडिया ने वर्ल्ड फूड इंडिया समिट में किया निवेश समझौता

**नई दिल्ली.**

भारत में अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करते हुए, नेस्ले इंडिया ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह अनुबंध वर्ल्ड फूड इंडिया समिट 2025 के दौरान किया गया, जिसके तहत ओडिशा और अन्य मौजूदा विनिर्माण स्थानों में ग्रीन फील्ड और ब्राउन फील्ड परियोजनाओं में बड़े स्तर पर निवेश किया जाएगा। नेस्ले इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मनीष तिवारी ने कहा,यह समझौता भारत में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास में हमारे विश्वास को दर्शाता है। आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा। नेस्ले इंडिया टिकाऊ और समावेशी विकास की दिशा में काम करते हुए न केवल ब्रांड्स और बुनियादी ढांचे में निवेश कर रहा है, बल्कि इनोवेशन और उपभोक्ता अनुभव को बेहतर बनाने के लिए भी प्रतिबद्ध है। कॉर्पोरेट अफेयर्स प्रमुख, कुंवर हिम्मत सिंह ने जानकारी दी कि नेस्ले इंडिया भारत में 113 वर्षों से मौजूद है और देशभर में 100,000 से अधिक किसानों के साथ काम करता है। कंपनी के 9 अत्याधुनिक प्लांट्स से उत्पाद बनाकर देश के 10,000 वितरकों और 5.2 मिलियन दुकानों तक पहुंचाया जाता है। नेस्ले इंडिया की सामाजिक पहलों ने अब तक 1.6 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। इनमें पोषण जागरूकता, शिक्षा, स्वच्छता, पेयजल सुविधा, कचरा प्रबंधन और सड़क विक्रेताओं के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण जैसे क्षेत्र शामिल हैं। यह समझौता न केवल भारत में खाद्य उद्योग के विकास को गति देगा, बल्कि देश के आर्थिक और सामाजिक ढांचे को भी मजबूती प्रदान करेगा।

## आज का राशिफल

**मेष.** आज नए अवसर आपके सामने आएंगे, लेकिन सोच-समझकर कदम बढ़ाएं। कार्यक्षेत्र में आपके प्रयास सफल होंगे। स्वास्थ्य का खास ख्याल रखें, छोटे मोटे तनाव रह सकते हैं।

**वृषभ.** परिवार में खुशहाली और सामंजस्य बना रहेगा। नौकरी या व्यवसाय में अच्छी प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, लेकिन खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**मिथुन.** कामकाज में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जिससे आपकी प्रतिभा चमकेगी। यात्रा के योग हैं, जो फायदेमंद साबित होंगे। सेहत थोड़ी कमजोर हो सकती है, आराम करें।

**कर्क.** रुके हुए काम पूरे होने के योग हैं। रिश्तों में मिठास आएगी और पारिवारिक माहौल खुशनुमा रहेगा। आर्थिक लाभ के नए स्रोत खुलेंगे।

**सिंह.**प्रतियोगिता या कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। मानसिक तनाव कम होगा, लेकिन अपनी ऊर्जा को सही दिशा दें।

**कन्या.** नए ज्ञान और कौशल सीखने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सुधार होगा और वरिष्ठों का आशीर्वाद मिलेगा। स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें।

**तुला.** प्रेम संबंध और पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। पुराने मतभेद दूर होंगे और घर में सुख-शांति बनी रहेगी।

**वृश्चिक.** निवेश से लाभ होगा और धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक मेलजोल बढ़ेगा। यात्रा से लाभ होगा, लेकिन सावधानी बरतें।

**धनु.** शिक्षा और करियर में सफलता के अवसर मिलेंगे। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, पर नियमित व्यायाम जरूरी है।

**मकर.**नए काम की शुरुआत होगी जो लाभकारी साबित होगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। तनाव कम होगा और मानसिक शांति बनी रहेगी।

**कुंभ.** सामाजिक क्षेत्र में आपकी पहचान बढ़ेगी। यात्रा के योग बन रहे हैं, जो फायदेमंद रहेंगे। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, लेकिन संतुलित भोजन करें।

**मीन.** सोच-समझकर निर्णय लें, जल्दबाजी से बचें। परिवार का सहयोग मिलेगा और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। नए अवसर सामने आएंगे।

# कर्मचारियों के घरों में बढ़ गई दिवाली की रौनक

## > डीए बढ़कर हुआ 58 प्रतिशत

**नई दिल्ली.**



त्यौहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों को दिवाली का बोनस दिया हैं. जिससे केंद्रीय कर्मचारियों के घरों में दिवाली की रौनक और बढ़ गई है. भारत सरकार की ओर से कर्मचारियों के लिए बोनस और महंगाई भत्ते (डीए) में बढ़ोतरी की घोषणा कर दी गई है. यानी कि दिवाली पहले से ज्यादा रौशनी से भरा होगा. आइए जानते हैं कि, केंद्र सरकार की ओर से कर्मचारियों को कितना बोनस दिया हैं. केंद्र सरकार की ओर से डीए में 3 प्रतिशत का इजाफा किया गया हैं. यानि कि अब कर्मचारियों का डीए 55 प्रतिशत से बढ़कर 58 प्रतिशत हो गया है. डीए में यह बढ़ोतरी 1 जुलाई, 2025 से मान्य है. जिसका मतलब है कि, अक्टूबर की सैलरी में पिछले तीन महीनें का डीए एरियर के रुप में जोड़कर दिया जाएगा.

जिससे कर्मचारियों की सैलरी इस त्यौहारी महीने में पहले से ज्यादा आएगी. केंद्र सरकार साल में 2 बार डीए बढ़ोतरी करती है. इस साल मार्च में 2 प्रतिशत की डीए बढ़ोतरी की गई थी. यानी की अगर कोई केंद्रीय कर्मी 18000 रुपए की बैसिक सैलरी पर काम करता है, तो उसे 3 प्रतिशत डीए के हिसाब से तीन महीने का डीए के बराबर 1620 रुपए का अतिरिक्त भुगतान मिलेगा. रेलवे कर्मचारियों को केंद्र सरकार की ओर से 78 दिनों की सैलरी के बराबर प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस (पीएलबी) दी गई है. सरकार ने इसकी घोषणा 29 सितंबर को थी और दशहरा के पहले ही यह राशि उन्हें दे दी गई है. इससे रेलवे कर्मियों को मैक्सिमम 17,951 रुपए का बोनस मिला है.

### ग्रुप बी और सी के कर्मचारियों को मिलेगा दीवाली बोनस

केंद्र सरकार की ओर से ग्रुप सी और नॉन-गजेटेड ग्रुप बी कर्मियों को 30 दिन की सैलरी दीवाली बोनस के रुप में दी जाएगी. साथ ही यह बोनस अक्टूबर महीने की सैलरी के साथ ही दिया जाएगा. सरकार ने जानकारी दी है कि, अपने कर्मचारियों के अच्छे काम और त्योहार को ध्यान में रखते हुए बोनस की घोषणा की गई है.

# त्यौहारों में सैमसंग का फैब ग्रैब फेस्ट

**नई दिल्ली.** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने इस त्यौहारों सीजन में अपने सबसे बड़े शॉपिंग इवेंट फैब ग्रैब फेस्ट की शुरुआत कर दी है। इस फेस्टिवल में उपभोक्ताओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से लैस उपकरणों पर भव्य छूट और कई आकर्षक ऑफर्स का लाभ मिलेगा। जीएसटी में कटौती के बाद एसी, टीवी और मॉनिटर्स की नई कीमतें अब लागू हो चुकी हैं, जिससे खरीदारी और भी किफायती हो गई है। इस सेल में गैलेक्सी सीरीज के कई फ्लैगशिप मॉडल जैसे गैलेक्सी जेड फोल्ड7, जेड फ्लिप7, एस25 अल्ट्रा, और एस24 एफइ पर 53% तक की छूट दी जा रही है। वहीं, गैलेक्सी टैब S11 अल्ट्रा, वॉच 8 क्लासिक, और बड्स 3 प्रो जैसे लोकप्रिय डिवाइसों पर 50% तक की बचत संभव है। लैपटॉप प्रेमियों के लिए गैलेक्सी बुक 5 प्रो 360, बुक 5 और बुक 4 सीरीज पर 59% तक की भारी छूट उपलब्ध है। इसके अलावा, रेफ्रिजरेटर्स, वाशिंग मशीन, माइक्रोवेव और एसी पर 48% तक की छूट के साथ-साथ मुफ्त साउंडबार या टीवी, तत्काल कार्ट डिस्काउंट, एक्सचेंज बोनस, 3 साल की वारंटी और ईएमआई विकल्प जैसे कई अतिरिक्त लाभ भी ग्राहकों को मिलेंगे। जो स्मार्ट टेक्नोलॉजी और भारी छूट के संगम का जश्न है।





निकाल
महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र सह्याद्री
• धनलक्ष्मी विकली लॉटरी •
सोडत सायं. 4:30 वाजता
सोडत दर सोमवार • सोडत क्रमांक 41 • तिकीट किं. रु. 15/- • सोडत दिनांक 13/10/2025

पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- — SL-01 : 3869

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 1000/- | 1568 | 1610 | 1847 | 3663 | 4063 | 4221 | 4228 | 4392 | 5533 | 5979 |
| तिसरे बक्षिस रु. 500/- | 1040 | 1233 | 1927 | 2860 | 3069 | 3192 | 3660 | 4316 | 5255 | 5387 |

चौथे बक्षीस रु. 400/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1020 | 1804 | 2981 | 3807 | 5060 |
| 1022 | 1877 | 3018 | 3987 | 5205 |
| 1077 | 1964 | 3057 | 4060 | 5253 |
| 1080 | 2062 | 3171 | 4256 | 5274 |
| 1148 | 2299 | 3207 | 4448 | 5441 |
| 1208 | 2450 | 3211 | 4484 | 5523 |
| 1215 | 2508 | 3530 | 4535 | 5545 |
| 1474 | 2668 | 3576 | 4645 | 5570 |
| 1500 | 2724 | 3660 | 4670 | 5591 |
| 1749 | 2842 | 3669 | 4770 | 5690 |
| 1781 | 2849 | 3702 | 4939 | 5785 |
| 1789 | 2921 | 3736 | 5056 | 5851 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY
महाराष्ट्र तेजस्विनी मासिक सोडत
सोडत दिनांक 21/10/2025
जिंका फक्त 4 अंकावर ₹ 50 लाख पहिले सामायिक बक्षिस रु. (रु. 5 लाखाची 10 बक्षिसे)
दुसरे बक्षिस ₹10 लाख (रु. 10 हजाराची 100 बक्षिसे)
तिसरे बक्षिस ₹5 लाख (रु. 5 हजाराची 100 बक्षिसे)
200/-
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जवाबदार नाही. • अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. • प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र सह्याद्री धनलक्ष्मी विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 13/10/2025
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

महाराष्ट्र
सागरलक्ष्मी विकली लॉटरी
महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
सोडत दर सोमवारी
तिकीट किंमत रु. 50/-
सोडत क्र. 41 सोडत दिनांक 13/10/2025

पहिले सामाईक बक्षिस रु. 8 लाख — SL-06 : 1968

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

दुसरे बक्षिस रु. 5000/- — 7836 — अंबिका एजन्सी - दादर, मुंबई / प्रिन्स लॉटरी सेंटर अँड जनरल स्टोअर्स - कल्याण

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1149 | 2154 | 3356 | 3678 | 4602 | 6702 | 7315 |
| चौथे बक्षिस रु. 1000/- | 1065 | 2221 | 2541 | 2736 | 4340 | 5708 | 6475 |
| पाचवे बक्षिस रु. 500/- | 1310 | 1328 | 2040 | 3609 | 5294 | 6002 | 7608 |
| सहावे बक्षिस रु. 200/- | 1256 | 2995 | 3285 | 4762 | 5679 | 7271 | 7574 |

सातवे बक्षीस रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सातवे बक्षीस रु.100/- (सर्व मालिकांसाठी) | | 1996 | 2469 | 2918 | 3364 | 3990 | 4453 | 4978 | 5485 | 5857 | 6445 | 6950 | 7522 |
| | | 2033 | 2485 | 2919 | 3370 | 4010 | 4454 | 4981 | 5495 | 5892 | 6448 | 6960 | 7538 |
| | | 2034 | 2505 | 2920 | 3375 | 4037 | 4480 | 4983 | 5496 | 5897 | 6452 | 6961 | 7547 |
| 1006 | 1316 | 2045 | 2522 | 2927 | 3381 | 4041 | 4488 | 4986 | 5532 | 5900 | 6464 | 6963 | 7572 |
| 1010 | 1329 | 2073 | 2525 | 2929 | 3385 | 4042 | 4489 | 5049 | 5534 | 5905 | 6486 | 6968 | 7574 |
| 1016 | 1345 | 2100 | 2527 | 2943 | 3393 | 4044 | 4496 | 5050 | 5541 | 5938 | 6505 | 6981 | 7616 |
| 1018 | 1360 | 2103 | 2542 | 2946 | 3420 | 4047 | 4509 | 5052 | 5545 | 5956 | 6557 | 6995 | 7636 |
| 1019 | 1365 | 2112 | 2547 | 2955 | 3439 | 4054 | 4514 | 5055 | 5553 | 5958 | 6585 | 7001 | 7704 |
| 1023 | 1394 | 2115 | 2552 | 2970 | 3452 | 4068 | 4540 | 5076 | 5555 | 5995 | 6597 | 7006 | 7705 |
| 1064 | 1423 | 2121 | 2568 | 2971 | 3483 | 4074 | 4546 | 5092 | 5561 | 5996 | 6601 | 7034 | 7710 |
| 1080 | 1457 | 2125 | 2624 | 2999 | 3505 | 4086 | 4553 | 5095 | 5564 | 6031 | 6611 | 7075 | 7718 |
| 1094 | 1485 | 2130 | 2638 | 3030 | 3513 | 4129 | 4564 | 5101 | 5565 | 6034 | 6613 | 7090 | 7727 |
| 1102 | 1500 | 2149 | 2650 | 3035 | 3515 | 4131 | 4585 | 5113 | 5586 | 6046 | 6628 | 7153 | 7747 |
| 1108 | 1501 | 2167 | 2651 | 3037 | 3536 | 4142 | 4614 | 5114 | 5592 | 6048 | 6641 | 7166 | 7749 |
| 1117 | 1514 | 2176 | 2666 | 3039 | 3541 | 4158 | 4628 | 5157 | 5594 | 6057 | 6645 | 7204 | 7764 |
| 1118 | 1528 | 2190 | 2687 | 3083 | 3580 | 4200 | 4634 | 5167 | 5608 | 6068 | 6647 | 7209 | 7770 |
| 1126 | 1531 | 2192 | 2688 | 3094 | 3589 | 4210 | 4651 | 5175 | 5611 | 6076 | 6655 | 7217 | 7772 |
| 1141 | 1550 | 2202 | 2690 | 3108 | 3623 | 4214 | 4674 | 5188 | 5626 | 6082 | 6656 | 7228 | 7775 |
| 1143 | 1553 | 2213 | 2696 | 3124 | 3629 | 4247 | 4684 | 5190 | 5627 | 6096 | 6661 | 7252 | 7779 |
| 1157 | 1560 | 2215 | 2704 | 3133 | 3632 | 4249 | 4691 | 5218 | 5635 | 6104 | 6662 | 7273 | 7783 |
| 1166 | 1630 | 2228 | 2724 | 3176 | 3636 | 4284 | 4692 | 5251 | 5663 | 6112 | 6663 | 7274 | 7789 |
| 1167 | 1658 | 2229 | 2738 | 3213 | 3657 | 4320 | 4694 | 5255 | 5665 | 6127 | 6664 | 7277 | 7808 |
| 1168 | 1664 | 2252 | 2741 | 3214 | 3673 | 4326 | 4706 | 5276 | 5666 | 6128 | 6674 | 7300 | 7811 |
| 1172 | 1686 | 2262 | 2755 | 3234 | 3676 | 4334 | 4717 | 5323 | 5704 | 6144 | 6696 | 7315 | 7827 |
| 1181 | 1693 | 2270 | 2770 | 3237 | 3683 | 4338 | 4724 | 5331 | 5715 | 6146 | 6698 | 7318 | 7859 |
| 1184 | 1715 | 2273 | 2796 | 3246 | 3739 | 4342 | 4751 | 5351 | 5731 | 6158 | 6699 | 7319 | 7870 |
| 1186 | 1751 | 2282 | 2822 | 3274 | 3763 | 4353 | 4842 | 5355 | 5742 | 6165 | 6715 | 7373 | 7872 |
| 1191 | 1793 | 2284 | 2824 | 3277 | 3803 | 4369 | 4848 | 5365 | 5773 | 6166 | 6757 | 7378 | 7878 |
| 1193 | 1827 | 2310 | 2825 | 3303 | 3826 | 4386 | 4849 | 5394 | 5789 | 6168 | 6810 | 7383 | 7898 |
| 1204 | 1832 | 2311 | 2826 | 3305 | 3833 | 4396 | 4868 | 5404 | 5793 | 6186 | 6844 | 7384 | 7907 |
| 1218 | 1841 | 2316 | 2853 | 3307 | 3861 | 4402 | 4871 | 5408 | 5794 | 6191 | 6846 | 7390 | 7921 |
| 1220 | 1870 | 2342 | 2855 | 3315 | 3890 | 4411 | 4881 | 5415 | 5795 | 6208 | 6854 | 7406 | 7925 |
| 1227 | 1891 | 2361 | 2873 | 3319 | 3893 | 4412 | 4896 | 5418 | 5798 | 6210 | 6860 | 7420 | 7939 |
| 1260 | 1901 | 2383 | 2879 | 3321 | 3930 | 4414 | 4908 | 5440 | 5805 | 6279 | 6863 | 7436 | 7945 |
| 1262 | 1910 | 2393 | 2880 | 3331 | 3932 | 4418 | 4920 | 5443 | 5817 | 6291 | 6886 | 7437 | 7957 |
| 1265 | 1913 | 2444 | 2882 | 3333 | 3936 | 4419 | 4942 | 5450 | 5821 | 6306 | 6906 | 7452 | 7969 |
| 1307 | 1934 | 2456 | 2885 | 3334 | 3937 | 4430 | 4943 | 5455 | 5844 | 6345 | 6911 | 7457 | 7976 |
| 1310 | 1944 | 2459 | 2888 | 3339 | 3975 | 4433 | 4945 | 5465 | 5853 | 6391 | 6920 | 7463 | 7987 |
| 1311 | 1952 | 2468 | 2901 | 3340 | 3981 | 4452 | 4948 | 5467 | 5854 | 6406 | 6948 | 7499 | 7988 |

महाराष्ट्र दिवाळी भव्यतम सोडत
पहिले बक्षिस ₹ 2 करोड 2 बक्षिसांपैकी किमान 1 बक्षिस हमीपात्र (₹ 1 करोड x 2 बक्षिसे)
जिंका फक्त 5 अंकांवर
दुसरे बक्षिस ₹10 लाख (₹ 1 लाखाची x 10 बक्षिसे)
तिसरे बक्षिस ₹3 लाख
सोडत दिनांक 01.11.2025
तिकीट किंमत ₹200/-
सागरलक्ष्मी सोडत दिनांक 13/10/2025 छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जवाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. प्रस्तुतकर्ता महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : /princeagencymah : /princeagencypl : /princeagencymah

निकाल
महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
गणेशलक्ष्मी भाग्यशाली विकली लॉटरी
सोडत सायं. 5:00 वाजता
सोडत दर सोमवार • सोडत क्रमांक 41 • तिकीट किं. रु. 10/- • सोडत दिनांक 13/10/2025

पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- — MG-08 : 2792

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

दुसरे बक्षिस रु. 2000/- — 0504 (अंबिका एजन्सी - दादर, मुंबई) — 2378 (श्री गणेश एन्टरप्रायझेस, दादर, मुंबई) — 4659 — 8933 — 9456

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 0669 | 1104 | 1788 | 3811 | 4771 | 5030 | 5860 | 5907 | 8312 | 8925 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 1509 | 1771 | 4110 | 8185 | 8212 | 8581 | 8888 | 8894 | 9079 | 9147 |

पाचवे बक्षीस रु. 200/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0008 | 1209 | 2193 | 2829 | 3573 | 5006 | 6019 | 7026 | 8048 | 8880 |
| 0170 | 1308 | 2195 | 2884 | 3582 | 5075 | 6280 | 7064 | 8288 | 8891 |
| 0284 | 1311 | 2276 | 2934 | 3652 | 5080 | 6325 | 7150 | 8366 | 9014 |
| 0285 | 1422 | 2284 | 3015 | 3685 | 5129 | 6376 | 7157 | 8378 | 9059 |
| 0347 | 1511 | 2285 | 3196 | 4334 | 5150 | 6456 | 7277 | 8484 | 9134 |
| 0694 | 1524 | 2372 | 3217 | 4394 | 5195 | 6560 | 7402 | 8564 | 9166 |
| 0745 | 1678 | 2425 | 3248 | 4424 | 5332 | 6589 | 7471 | 8653 | 9568 |
| 0948 | 1697 | 2456 | 3383 | 4456 | 5458 | 6692 | 7508 | 8718 | 9635 |
| 1006 | 1701 | 2626 | 3386 | 4490 | 5480 | 6719 | 7720 | 8760 | 9888 |
| 1014 | 1819 | 2682 | 3430 | 4514 | 5501 | 6756 | 7777 | 8773 | 9890 |
| 1028 | 1916 | 2720 | 3437 | 4604 | 5534 | 6763 | 7814 | 8789 | 9929 |
| 1078 | 1961 | 2744 | 3519 | 4671 | 5553 | 6836 | 7859 | 8792 | 9956 |
| 1141 | 2020 | 2770 | 3525 | 4911 | 5796 | 6864 | 7873 | 8805 | 9993 |
| 1184 | 2142 | 2826 | 3538 | 4924 | 5951 | 6916 | 7892 | 8814 | 9994 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY
महाराष्ट्र गणेशलक्ष्मी दसरा विशेष मासिक सोडत
तिकीट किंमत रु.100/-
सोडत दिनांक 20-10-2025
जिंका फक्त 4 अंकावर ₹ 22 लाख पहिले सामायिक बक्षिस
दुसरे बक्षीस ₹ 3 लाख (₹ 10 हजारची 30 बक्षिसे)
तिसरे बक्षीस ₹ 5 लाख (₹ 5 हजारची 100 बक्षिसे)
गणेशलक्ष्मी भाग्यशाली विकली लॉटरी सोडत दिनांक 13/10/2025
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचुक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

निकाल
महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी सोम विकली लॉटरी
सोडत संध्या. 4:45 वाजता
सोडत दर सोमवार • सोडत क्रमांक 41 • तिकीट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 13/10/2025

पहिले बक्षिस रु. 10,000/- — GL-04 : 4405

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 0261 | 1247 | 2063 | 3645 | 4418 | 4447 | 4772 | 5123 | 5360 | 6906 |
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 2119 | 2657 | 2783 | 2949 | 5332 | 5349 | 5613 | 8002 | 8071 | 9995 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 1129 | 1741 | 2362 | 3755 | 4368 | 6201 | 6485 | 6507 | 6689 | 7687 |

पाचवे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पाचवे बक्षिस रु. 300/- | 0970 | 1445 | 2130 | 2821 | 3940 | 4749 | 5566 | 6564 | 7748 | 8451 |
| 0025 | 1029 | 1455 | 2151 | 2829 | 3981 | 4751 | 5579 | 6656 | 7794 | 8478 |
| 0042 | 1041 | 1500 | 2223 | 2836 | 3983 | 4808 | 5667 | 6698 | 7823 | 8506 |
| 0060 | 1075 | 1531 | 2224 | 2885 | 3997 | 4898 | 5751 | 6714 | 7850 | 8597 |
| 0066 | 1079 | 1549 | 2228 | 2887 | 4043 | 4910 | 5758 | 6858 | 7863 | 8719 |
| 0092 | 1100 | 1561 | 2236 | 2897 | 4044 | 4972 | 5852 | 6869 | 7876 | 8835 |
| 0099 | 1101 | 1599 | 2280 | 3032 | 4287 | 5143 | 5924 | 6890 | 7877 | 8891 |
| 0110 | 1111 | 1610 | 2405 | 3096 | 4423 | 5144 | 5925 | 6945 | 7879 | 8893 |
| 0131 | 1135 | 1628 | 2456 | 3113 | 4436 | 5158 | 5978 | 7116 | 7985 | 8968 |
| 0134 | 1156 | 1643 | 2462 | 3130 | 4442 | 5170 | 6065 | 7160 | 7988 | 9001 |
| 0157 | 1167 | 1674 | 2489 | 3179 | 4458 | 5219 | 6122 | 7195 | 8118 | 9091 |
| 0181 | 1179 | 1699 | 2494 | 3195 | 4459 | 5225 | 6162 | 7269 | 8121 | 9280 |
| 0202 | 1201 | 1724 | 2575 | 3226 | 4478 | 5227 | 6183 | 7287 | 8205 | 9320 |
| 0323 | 1217 | 1739 | 2582 | 3335 | 4493 | 5304 | 6246 | 7427 | 8254 | 9347 |
| 0364 | 1276 | 1781 | 2599 | 3337 | 4507 | 5345 | 6249 | 7435 | 8258 | 9698 |
| 0504 | 1332 | 1819 | 2617 | 3357 | 4538 | 5425 | 6349 | 7457 | 8287 | 9749 |
| 0545 | 1338 | 1841 | 2622 | 3564 | 4636 | 5479 | 6395 | 7534 | 8301 | 9906 |
| 0549 | 1379 | 1945 | 2642 | 3653 | 4646 | 5497 | 6405 | 7547 | 8303 | 9923 |
| 0567 | 1411 | 2026 | 2654 | 3673 | 4661 | 5498 | 6458 | 7615 | 8327 | 9960 |
| 0640 | 1415 | 2119 | 2699 | 3739 | 4684 | 5502 | 6467 | 7672 | 8328 | 9965 |
| 0804 | 1441 | 2120 | 2732 | 3815 | 4694 | 5519 | 6503 | 7729 | 8427 | 9978 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY
महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत
सोडत दिनांक 22/10/2025
जिंका फक्त 4 अंकावर ₹ 5 लाख पहिले सामायिक हमीपात्र* बक्षीस
सहावे बक्षिस रु. ₹ 2.5 लाख (रु.100 च्या 2500 बक्षिसे)
तिकीट किंमत ₹20/-
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी सोम विकली लॉटरी सोडत दिनांक 13/10/2025
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

१- श्रद्धा सबूरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड लॉटरी, झाशीराणी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लश्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

# केन विलियमसन टी20 टीम से बाहर

## 7 महीने बाद भी नहीं हुई वापसी

**वेलिंगटन.** न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है, जिसमें एक बड़ी चर्चा का विषय है—टीम में अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन को शामिल न किया जाना। केन विलियमसन को टीम से बाहर हुए अब लगभग 7 महीने हो चुके हैं। उन्होंने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच इस साल मार्च में भारत के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में खेला था, लेकिन उसके बाद से वह न्यूजीलैंड की टीम में वापसी नहीं कर सके हैं। हाल ही में घोषित 14 सदस्यीय टी20 टीम में भी विलियमसन को जगह नहीं मिली है, जिससे उनके टीम से बाहर रहने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। माना जा रहा है कि टीम प्रबंधन ने युवा खिलाड़ियों को मौका देने और टी20 फॉर्मेट में रणनीति बदलने के चलते इस बार विलियमसन को शामिल नहीं किया है। हालांकि, ऑफिशियल कारणों की पुष्टि न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड की ओर से अभी तक नहीं हुई है।



**केन विलियमसन को टीम में जगह क्यों नहीं?**

केन विलियमसन को इंग्लैंड के खिलाफ भी टी20 टीम में नहीं चुने जाने पर अब बड़ा अपडेट सामने आया है. न्यूजीलैंड के हेड कोच रॉब वॉल्टर ने बताया कि केन को पिछले महीने हल्के मेडिकल प्रॉब्लम से गुजरना पड़ा है. ऐसे में टीम मैनेजमेंट चाहता है कि वो टीम में आने से पहले पूरी तरह से फिजिकली फिट हों.

उन्होंने आगे कहा कि केन विलियमसन वर्ल्ड क्लास प्लेयर हैं. हम उम्मीद करते हैं कि इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज और फिर उसके बाद वेस्टइंडीज के दौरे पर वो न्यूजीलैंड की टीम में वापसी करते दिखेंगे. केन विलियमसन के अलावा न्यूजीलैंड की टी20 टीम के रेग्यूलर कप्तान मिचेल सैंटनर ने पेट की इंजरी उबरकर इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से टीम में वापसी की है. वहीं चेहरे पर लगी चोट से उबरने के बाद रचिन रवींद्र ने भी इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए चुनी टीम में वापसी की है. ये दोनों खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली सीरीज से बाहर थे.

**ये खिलाड़ी सेलेक्शन के लिए उपलब्ध नहीं**


इन बदलावों के अलावा न्यूजीलैंड ने अपने ज्यादातर खिलाड़ी वही चुने हैं, जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में खेलते दिखे थे. कुछ खिलाड़ी ऐसे भी रहे जो किसी ना किसी इंजरी के चलते सेलेक्शन के लिए अनुपलब्ध रहे. इन खिलाड़ियों में फिन एलन (पैर), एडम मिल्न ( एंकल), विल ओराउर्की ( पीठ), ग्लेन फिलिप्स (ग्रोइन) और लॉकी फर्ग्युसन ( हैमस्ट्रिंग) हैं.इंग्लैंड के खिलाफ न्यूजीलैंड की टी20 टीम

मिचेल सैंटनर (कप्तान), मिचेल ब्रेसवेल,

मार्क चैपमैन, डेवन कॉनवे, जैकब डफी, जैक फुल्क्स, मैट हेनरी, बेवन जैकब, काइल जैमीसन, डैरिल मिचेल, जिमी नीशाम, रचिन रवींद्र, टिम रोबिन्सन, टिम साइफर्ट न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच 3 मैचों की टी20 सीरीज शुरू हो रही है. इस सीरीज का पहला मैच 18 अक्टूबर को खेला जाएगा. जबकि, दूसरा 20 अक्टूबर को और तीसरा मैच 23 अक्टूबर को होगा.

# वैभव सूर्यवंशी बने बिहार रणजी टीम के सबसे कम उम्र के उप-कप्तान

**नई दिल्ली.** वैभव सूर्यवंशी अब बिहार की रणजी टीम के उप-कप्तान बन गए हैं. 14 साल में रणजी टीम की उप-कप्तानी संभालने वाले वैभव सूर्यवंशी सबसे कम उम्र के खिलाड़ी है. रणजी ट्रॉफी 2025-26 में बिहार की टीम अपने अभियान का आगाज 15 अक्टूबर से करेगी.




अब सवाल ये है कि बिहार की रणजी टीम का उप-कप्तान बनाए जाने के बाद वैभव सूर्यवंशी की सैलरी क्या होगी? क्या उन्हें बाकी खिलाड़ियों से ज्यादा सैलरी मिलेगी? घरेलू क्रिकेट में खिलाड़ियों की सैलरी उनके मुकाबले के अनुभव के हिसाब से कम या ज्यादा होती है. बीसीसीआई के नियमों के मुताबिक जिन खिलाड़ियों के पास 40 या उससे ज्यादा रणजी मैचों का अनुभव होता है, उन्हें एक दिन के 60000 रुपये मैच फीस मिलते हैं. वहीं जिनके पास 21 से 40 मैचों का अनुभव होता है, उन्हें 50000 रुपये हर रोज की मैच फीस मिलती हैं. 0 से 20 मैचों का अनुभव रखने वाले खिलाड़ियों को 40000 रुपये हर रोज के मिलते हैं. वहीं जो खिलाड़ी रिजर्व में होते हैं, उन्हें 30000 रुपये तक मिलते हैं.

अब सवाल है कि वैभव सूर्यवंशी की मैच फीस क्या होगी? वैभव सूर्यवंशी ने बिहार के लिए अब तक 5 फर्स्ट क्लास मुकाबले खेले हैं और उस आधार पर उनकी मैच फीस 40 हजार रुपये प्रति दिन के हिसाब से हो सकती है. यानी एक मैच से वो 5 दिन में 2 लाख रुपये कमा सकते हैं. वैभव ने बिहार के लिए खेले 5 मैचों की 10 पारियों में 100 रन बनाए हैं.

### वैभव सूर्यवंशी की सैलरी क्या होगी?

वैभव सूर्यवंशी को उप-कप्तान बनने के बाद मिलने वाली मैच फीस तो जान ली. अब सवाल है कि उनकी सैलरी क्या होगी?

तो एक रिपोर्ट के मुताबिक आईपीएल में बिकने वाले खिलाड़ियों को रणजी ट्रॉफी में खेलने के कम से कम 20 लाख रुपये मिलते ही है. ऐसे में वैभव सूर्यवंशी की सैलरी के भी यही होने का अनुमान है.

# जॉन कैंपबेल का धमाका, भारत के खिलाफ टेस्ट करियर का पहला शतक

**नई दिल्ली.** वेस्टइंडीज के ओपनर जॉन कैंपबेल ने भारत के खिलाफ दिल्ली टेस्ट की दूसरी पारी में शतक जमाया है. उन्होंने भारत के खिलाफ 173 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया, जिसमें 9 चौके और 3 छक्के शामिल रहे. जॉन कैंपबेल ने दिल्ली टेस्ट में अपना शतक छक्के से पूरा किया. ये शतक वेस्टइंडीज के नजरिए से बेहद खास है क्योंकि इसने उसे मुकाबले में बनाए रखा है. पहली पारी में 10 रन बनाकर आउट होने वाले ओपनर जॉन कैंपबेल ने दूसरी पारी में कमाल की बल्लेबाजी की और अपने टेस्ट करियर का पहला शतक जड़ा.जॉन कैंपबेल को अपने पहले टेस्ट शतक के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा. इसके लिए उन्हें 6 साल, 25 टेस्ट और 50 पारी का इंतजार करना पड़ा. इस बीच कैंपबेल 3 बार फिफ्टी प्लस के ऊपर गए, लेकिन उसे कभी शतक का रूप नहीं दे सके. लेकिन, भारतीय जमीन पर दूसरी बार खेलते हुए उन्होंने कोई गलती नहीं की.



इससे पहले 2019 में उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ लखनऊ में टेस्ट खेला था, जिसमें उनका सर्वाधिक स्कोर 55 रन का रहा था. दिल्ली टेस्ट में शतक जमाने से पहले कैंपबेल का बेस्ट स्कोर लंबे फॉर्मेट में 68 रन का था.जॉन कैंपबेल ने दिल्ली टेस्ट की दूसरी पारी में सिर्फ शतक ही नहीं लगाया है.

# पाकिस्तान ने पहली पारी में बनाए 378 रन

**लाहौर.** पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका के बीच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में पहले दिन का खेल रोमांचक रहा। पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और टीम ने पहली पारी में 378 रन बनाए। हालांकि पाकिस्तानी बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन साउथ अफ्रीकी स्पिनर सेनुरन मुथुसामी की घातक गेंदबाजी ने मेहमान टीम को मैच में बनाए रखा।

**मुथुसामी ने टेस्ट करियर में पहली बार लिया पांच विकेट हॉल**

31 वर्षीय सेनुरन मुथुसामी ने अपने टेस्ट करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 117 रन देकर 6 विकेट झटके। यह उनका पहला पांच विकेट हॉल है। उन्होंने 32 ओवर में सटीक लाइन-लेंथ के साथ गेंदबाजी करते हुए पाकिस्तान के मध्यक्रम को तहस-नहस कर दिया। उनके अलावा प्रेनेलन सुब्रायेन ने 2 विकेट और कगिसो रबाडा व शिमोन हारमर ने एक-एक विकेट लिया।

**पाकिस्तानी बल्लेबाजों ने खेली अहम पारियां, दो शतक से चूके**

पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही जब अब्दुल्ला शफीक सिर्फ 2 रन बनाकर जल्दी आउट हो गए। इसके बाद इमाम उल हक (93) और शान मसूद (76) ने 161 रनों की साझेदारी कर पारी को संभाला। वहीं सलमान अली आगा ने भी 93 रन बनाए लेकिन दोनों ही बल्लेबाज सात-सात रन से शतक से चूक गए। विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान ने भी उपयोगी 75 रनों की पारी खेली।**मुकाबला बना संतुलित, अब साउथ अफ्रीका की बल्लेबाजी पर नजर** 378 रनों के जवाब में अब साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजों की परीक्षा होगी।

# बाबर आजम को लेकर ऑन एयर फिसली रमीज राजा की जुबान

## 'ड्रामा कर रहा है' कहने पर मचा बवाल



**लाहौर.** पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका के बीच लाहौर में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के पहले दिन बाबर आजम एक बार फिर बल्ले से खास योगदान नहीं दे सके। उन्होंने 48 गेंदों पर सिर्फ 23 रन बनाए। हालांकि उनकी इस पारी से ज्यादा चर्चा उनके विकेट और उससे जुड़े विवाद की हो रही है, जिसमें पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और मौजूदा कमेंटेटर रमीज राजा भी फंस गए हैं।

**माइक ऑन रह गया, रमीज राजा ने कह डाली 'ड्रामा' वाली बात**

यह घटना पाकिस्तान की पहली पारी के 48वें ओवर की है। बाबर आजम उस समय सिर्फ 1 रन पर खेल रहे थे जब उनके खिलाफ एलबीडब्लू की अपील हुई और अंपायर ने उन्हें आउट दे दिया। बाबर ने डीआरएस लेने का फैसला किया, जो बाद में उनके पक्ष में गया और वह नॉट आउट करार दिए गए। लेकिन इस दौरान कमेंट्री कर रहे रमीज राजा यह भूल गए कि उनका माइक ऑन है और उन्होंने कह डाला—"आउट होगा, ड्रामा कर रहा है"। उनकी यह बात लाइव प्रसारण में सुनाई दी, और देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। बाबर के फैंस ने इसे बेहद आपत्तिजनक बताया और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से रमीज राजा को कमेंट्री पैनल से हटाने की मांग कर डाली।

**फैसला सही साबित हुआ, लेकिन बाबर नहीं खेल सके बड़ी पारी**

जिस डीआरएस को रमीज राजा ने "ड्रामा" बताया था, वह बाबर के पक्ष में गया और उन्हें जीवनदान मिला। हालांकि, वह इसका ज्यादा फायदा नहीं उठा सके और अंततः 23 रन बनाकर दोबारा एलबीडब्लू होकर आउट हो गए।

**रमीज राजा पर कार्रवाई की मांग तेज**

बाबर के समर्थक अब रमीज राजा के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि एक पूर्व कप्तान होने के नाते रमीज को ऐसा बयान नहीं देना चाहिए था, खासकर जब वो लाइव कमेंट्री में हों। अगर पीसीबी इस मांग पर कोई कदम उठाता है और रमीज राजा को हटाया जाता है, तो इससे उनकी कमेंट्री से होने वाली कमाई पर असर पड़ सकता है।

# केएल राहुल दिल्ली टेस्ट में हुए चोटिल

**नई दिल्ली.** टीम इंडिया के स्टार ओपनर केएल राहुल के लिए दिल्ली टेस्ट कुछ खास नहीं गुजरा. वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में शानदार शतक जमाने वाले राहुल दूसरे टेस्ट की पहली पारी में बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे. फिर लगातार 3 दिन तक उन्हें दोबारा अपनी बैटिंग का इंतजार करना पड़ा. मगर जब दूसरी पारी में बल्लेबाजी का मौका मिला, तो उन्हें एक ऐसा दर्द मिला, जिससे उनकी चीख निकल गई और वो बुरी तरह तड़प उठे. दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में सोमवार 13 अक्टूबर को भारत-वेस्टइंडीज के बीच टेस्ट मैच का चौता दिन था. वेस्टइंडीज ने सबको चौंकाते हुए फॉलोऑन के बाद दूसरी पारी में दमदार वापसी की और भारत को जीत के लिए 121 रन का लक्ष्य दिया. फिर टीम इंडिया जब बैटिंग के लिए उतरी तो उसकी शुरुआत खराब रही और दूसरे ओवर में ही यशस्वी जायसवाल पवेलियन लौट गए. ऐसे में नजरें राहुल पर थीं कि वो टीम को जीत तक लेकर जाएं.मगर राहुल के ऐसा करने से पहले ही भारतीय ओपनर को जोर का झटका लगा. तीसरे ओवर में बॉलिंग के लिए लौटे तेज गेंदबाज जेडन सील्स की तीसरी गेंद को राहुल ने डिफेंड करने की कोशिश की लेकिन गेंद पिच होने के बाद तेजी से अंदर आई और राहुल के बल्ले को छकाते हुए सीधे उनकी ग्रोइन वाले हिस्से में जा लगी. वैसे तो उन्होंने ग्रोइन गार्ड भी पहना था लेकिन इसके बावजूद गेंद बहुत तेजी से लगी और तुरंत ही राहुल के हाथ से बल्ला छूट गया.



# विराट कोहली की वापसी तय

### 19 अक्टूबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उतरेंगे मैदान में

**नई दिल्ली.** विराट कोहली को एक बार फिर से खेलते हुए देखने का इंतजार कुछ ही दिनों में खत्म हो जाएगा. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 19 अक्टूबर से वनडे सीरीज की शुरुआत हो रही है. इस सीरीज के 3 मुकाबलों में विराट कोहली मैदान पर अपना दम दिखाने उतरेंगे. मगर क्या ये कोहली की आखिरी सीरीज होगी? ये सवाल लगातार बना हुआ है और फैंस को उम्मीद है कि वो इसके बाद भी खेलते दिखेंगे. अगर इंटरनेशनल क्रिकेट में ना सही, तो कम से कम आईपीएल में उनका जलवा दिखेगा. मगर अब कोहली फैंस फिर से परेशान हो गए हैं क्योंकि विराट ने आईपीएल की अपनी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से जुड़ा एक ऐसा कदम उठाया है, जिससे उनके आईपीएल से भी दूर होने की अटकलें भी तेज हो गई हैं.



**कोहली ने कॉन्ट्रेक्ट रिन्यू करने से किया इनकार**

आईपीएल 2025 सीजन के साथ अपना खिताब का इंतजार खत्म करने वाले विराट कोहली ने नए सीजन से पहले एक बड़ा कदम उठाया है. एक रिपोर्ट के मुताबिक, विराट कोहली ने आईपीएल का नया सीजन शुरू होने से पहले एक बड़ी कंपनी के साथ अपने कॉन्ट्रेक्ट को रिन्यू करने से इनकार कर दिया है. ये कॉन्ट्रेक्ट आईपीएल 2026 से पहले रिन्यू करना था लेकिन पूर्व भारतीय कप्तान ने ऐसा नहीं किया. यूट्यूबर रोहित जुगलान ने अपने एक वीडियो में इसको लेकर दावा किया है. हालांकि, वीडियो में ये साफ किया गया है कि कोहली का ये कॉन्ट्रेक्ट आईपीएल का नहीं है लेकिन इसका फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से कुछ न कुछ कनेक्शन है, जिसके कारण विराट के फैसले ने हैरान कर दिया है.

**आईपीएल से भी संन्यास की अटकलें तेज**

रिपोर्ट में ये बताया गया है कि जब से कोहली ने इस कॉन्ट्रेक्ट से खुद को अलग किया है, इस तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं कि ये आईपीएल में उनके सफर के अंत की शुरुआत हो सकती है. इसमें ये भी दावा किया गया है कि कोहली धीरे-धीरे आईपीएल से अलग हो जाएंगे और जिस दिन वो ओडीआई फॉर्मेट से भी संन्यास लेंगे, उस दिन वो आईपीएल में भी अपने करियर पर पर्दा गिरा देंगे. कोहली पहले ही कई बार ये कह चुके हैं कि वो कभी भी आरसीबी छोड़कर किसी दूसरी फ्रेंचाइजी में शामिल नहीं होंगे. या तो वो इसके साथ ही खेलेंगे या फिर आईपीएल से अलग हो जाएंगे. ऐसे में ताजा रिपोर्ट से कोहली और आरसीबी फैंस की बेचैनी बढ़ गई है. कोहली 2008 में पहले आईपीएल सीजन से ही आरसीबी का हिस्सा हैं.

**अगले सीजन तक होगी पिक्चर साफ?**

आईपीएल का अगला सीजन मार्च 2026 में शुरू होने की उम्मीद है, जबकि इस सीजन के लिए प्लेयर रिटेंशन-रिलीज करने की संभावित डेडलाइन 15 नवंबर बताई जा रही है. वहीं मिनी ऑक्शन का आयोजन दिसंबर के दूसरे या तीसरे हफ्ते के दौरान हो सकता है. ऐसे में जब तक आईपीएल का अगला सीजन शुरू नहीं होता, तब तक विराट कोहली के हर एक एक्शन पर फैंस की पैनी नजर रहेगी. मगर फिलहाल अगले कुछ दिन टीम इंडिया की नीली जर्सी में वो अपना जलवा दिखाकर फैंस को कुछ राहत दे सकते हैं.

# ऑस्ट्रेलिया से फिर हारी टीम इंडिया वर्ल्ड कप में खिताबी सपना अधूरा

**विशाखापट्टनम.** एक और वर्ल्ड कप और ऑस्ट्रेलिया के हाथों टीम इंडिया की एक और हार. महिला वर्ल्ड कप 2017 के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हैरतअंगेज जीत दर्ज करने के बाद से ही टीम इंडिया को सफलता नहीं मिल पाई. इस बार अपनी ही जमीन पर टीम इंडिया के पास ये मौका था. आईसीसी महिला वर्ल्ड कप 2025 में विशाखापट्टनम में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम इसके करीब आती हुई भी दिखी लेकिन एक बार फिर वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने साबित कर दिया कि ये खिताब फिलहाल उनसे छीनना मुश्किल है. ऑस्ट्रेलिया ने टूर्नामेंट के 13वें मैच में टीम इंडिया को 3 विकेट से हरा दिया. इस रिजल्ट का पॉइंट्स टेबल पर भी असर पड़ा लेकिन टीम .इंडिया को पोजिशन में फिलहाल कोई नुकसान नहीं हुआ.




रविवार 12 अक्टूबर को खेले गए इस मुकाबले में भारतीय टीम ने पहले बैटिंग की और 330 रन बनाए. टीम इंडिया के लिए स्मृति मंधाना ने 80 और प्रतिका रावल ने 75 रन बनाए. इस ओपनिंग जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 25 ओवर के अंदर 155 रन की साझेदारी कर बड़े स्कोर की बुनियाद रखी. फिर भी भारतीय टीम पूरे 50 ओवर नहीं खेल पाई और 48.5 ओवर में ऑल आउट हो गई. ऑस्ट्रेलिया के लिए एनाबेल सदरलैंड ने 5 विकेट लिए. इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने एलिसा हीली के 142 रन के तूफानी शतक के दम पर 49 ओवर में 7 विकेट खोकर ये मैच जीत लिया.

### ऑस्ट्रेलिया नंबर-1, कहां है टीम इंडिया?

ऑस्ट्रेलिया की इस वर्ल्ड कप में ये तीसरी जीत थी. इस तरह उसके 4 मैच के बाद 7 पॉइंट्स हो गए हैं. ऑस्ट्रेलिया ने 4 में से 3 मैच जीते, जबकि श्रीलंका के खिलाफ उसका मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया था और इसके चलते अंक बांटने पड़े थे. मगर भारत पर मिली जीत के सात उसने पॉइंट्स टेबल में एक बार फिर पहला स्थान हासिल कर लिया. मौजूदा चैंपियन ने इंग्लैंड (6) को दूसरे स्थान पर धकेल दिया. इंग्लैंड ने हालांकि अभी तक 3 ही मैच खेले हैं और तीनों जीते हैं. वहीं टीम इंडिया की लगातार दूसरी हार थी. इससे पहले उसे साउथ अफ्रीका के खिलाफ भी शिकस्त मिली थी. मगर पिछले मैच की हार की तरह इस बार की हार का भी पॉइंट्स टेबल में उसकी पोजिशन पर कोई असर नहीं पड़ा और 4 मैच से 4 पॉइंट्स के साथ वो अभी भी तीसरे स्थान पर है. हालांकि, उसका नेट रनरेट काफी गिरा है लेकिन चौथे स्थान पर मौजूद साउथ अफ्रीका की तुलना में ये अभी भी काफी अच्छा है. मगर सोमवार 13 अक्टूबर को साउथ अफ्रीका का मैच बांग्लादेश से है और यहां जीत के साथ वो भारत से आगे निकल सकती है.बाकी टीम की बात करें तो टॉप-4 के अलावा बाकी चार टीम के 2 से ज्यादा पॉइंट्स नहीं हैं. पांचवें स्थान पर मौजूद न्यूजीलैंड के 3 मैच से 2 पॉइंट्स हैं. वहीं बांग्लादेश के भी इतने मैच से इतने ही पॉइंट्स हैं लेकिन नेट रनरेट के फर्क के कारण वो छठे स्थान पर है. श्रीलंका के 3 मैच से सिर्फ एक पॉइंट है, जो उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच रद्द होने के चलते मिला था. टीम ने 3 में से 2 मैच गंवाए हैं और सातवें स्थान पर है. वहीं पाकिस्तान एकमात्र ऐसी टीम है, जिसका खाता अभी तक नहीं खुला है. फातिमा सना की टीम ने सभी 3 मैच गंवाए हैं और 0 पॉइंट के साथ 8 टीम में सबसे आखिरी स्थान पर है.

# 'खुद को हिंदू नहीं कहें' की अपील

## >यूनुस का विवादित बयान

**ढाका.**



बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के पतन के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार का गठन किया गया है, लेकिन सरकार के गठन के बाद से ही बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों हिंदुओं पर लगातार अत्याचार बढ़ रहे हैं.

हालांकि मोहम्मद यूनुस ने इसे कभी स्वीकार नहीं किया है. इसके बजाय, उन्होंने भारत को दोषी ठहराया. उन्होंने हिंदुओं पर अत्याचार को खारिज करते हुए इसे पूरी तरह से फर्जी करार दिया है.

वहीं, यूनुस ने बांग्लादेश के हिंदू समुदाय को एक खास संदेश भी दिया. उन्होंने उनसे कहा कि वे खुद को हिंदू न कहें.

मेहदी हसन को दिया गया मोहम्मद यूनुस का एक इंटरव्यू वायरल हो गया है. इस इंटरव्यू में, होस्ट ने मोहम्मद यूनुस से पूछा कि हिंदुओं पर हमलों के विरोध में हुए विरोध प्रदर्शनों और प्रदर्शनों से उन्होंने कैसे निपटा? जवाब में, यूनुस ने कहा, "ये फर्जी खबरें हैं. आप फर्जी खबरों से प्रभावित नहीं हो सकते. भारत की खासियत फर्जी खबरें हैं.

यूनुस ने कहा, 'जब मैं समुदाय के नेताओं से मिलूंगा, तो मेरा संदेश यही होगा कि यह मत कहो कि मैं हिंदू हूं, इसलिए मेरी रक्षा करो. हमेशा कहो, मैं इस देश का नागरिक हूं, इसलिए मेरे अधिकारों की रक्षा करो. इससे तुम्हें ज्यादा सुरक्षा मिलेगी.

### हिंदुओं पर अत्याचार के आरोप को किया खारिज

यूनुस ने शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद हिंदुओं और मंदिरों पर हमलों से जुड़ी कई अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों को भी खारिज कर दिया. उन्होंने कहा, 'मैं कहूंगा कि सरकार बहुत सतर्क है क्योंकि भारत इस मुद्दे पर लगातार दबाव बना रहा है.

उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं को कभी अकेलापन महसूस नहीं करना चाहिए. यूनुस ने उन्हें नागरिक के रूप में अपने अधिकारों की मांग करने की सलाह दी. हिंदुओं पर हमलों और अत्याचारों की घटनाओं के बारे में बोलते हुए, नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री ने कहा कि ज्यादातर घटनाएं जमीन को लेकर स्थानीय विवाद या पड़ोसियों के बीच की समस्याओं के कारण होती हैं, जिन्हें सांप्रदायिक समस्या के रूप में पेश किया जाता है.

शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद, मोहम्मद यूनुस अगस्त 2024 में बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में सत्ता में आए हैं. उन्होंने पिछले एक साल में कई बार भारत विरोधी रुख अपनाया है. हालांकि यूनुस इससे इनकार करते हैं, लेकिन पिछले साल नवंबर में 30,000 हिंदुओं ने सुरक्षा और न्याय की मांग करते हुए ढाका की सड़कों पर प्रदर्शन किया था. उन्होंने इस्कॉन के संत चिन्मय कृष्ण की रिहाई की भी मांग की थी.

# खुली गौवंश स्मगलिंग की कहानी

## >पुलिस पर गंभीर आरोप

**लखनऊ.**



गाजीपुर जिले में सिपाही पर गंभीर आरोप लगे है. गोतस्कर ने एक वीडियो में बताया कि गौवंश ले जाने के लिए वह 25 हजार प्रति सप्ताह थाने के एक सिपाही को देता है. यह वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस पर सवालिया निशान खड़ा हो गया है. वायरल वीडियो को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है. यह मामला उस समय का है, जब स्थानीय लोगों ने एक पिकअप चालक को गौवंश के साथ पकड़ा था.

यह घटना शनिवार देर रात गाजीपुर के फुंफुआव पुल के पास की बताई जा रही है. गांव वालों ने तीन गौवंशों से लदी एक पिकअप गाड़ी को रोका और उसके चालक को पकड़ लिया. गांव वालों ने पकड़े गए तस्कर से पूछताछ की और इसका वीडियो भी बनाया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. वायरल वीडियो में पिकअप वाहन चालक युवक ने चौंकाने वाला खुलासा किया. उसने बताया कि पिकअप फुल्ली गांव के रहने वाले गोलू यादव की है. युवक ने कोतवाली में तैनात सिपाही नीरज कुमार अनुरागी को प्रति सप्ताह 25 हजार रुपये देने की बात बताई. उसने यह भी बताया कि वह पिछले पांच दिनों से लगातार गौवंश लदे वाहन ले जा रहा है. गांव वालों की सजगता से सामने आए इस मामले के बाद पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं. वायरल वीडियो के बाद यह चर्चा तेज हो गई है कि क्या यह अवैध कार्य पुलिस की शह पर चल रहा था.

तस्कर को पकड़ने के बाद गांव वालों ने पुलिस को घटना की सूचना दी. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई. इसके बाद गांव वालों ने तस्कर को पुलिस के हवाले कर दिया. लेकिन बाद में वह पुलिस की हिरासत से फरार हो गया है. ऐसा पुलिस का कहना है. तस्कर के फरार होने से पुलिस की भूमिका पर एक सवाल खड़ा हो गया है. इस घटना से इलाके में लोगों में काफी गुस्सा है. वह मामले में जांच कर आरोपी सिपाही के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे है.

# संविधान विरोधी बीजेपी सत्ता में लड़ती रहेगी'

## > तेजस्वी का बयान

**पटना.**



बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव, राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी के खिलाफ कोर्ट ने आईआरसीटीसी घोटाले मामले में आरोप तय कर दिए हैं. हालांकि परिवार ने कहा कि ये सभी आरोप गलत हैं. कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई करने का आदेश दिया है. इस पर तेजस्वी यादव ने कहा कि कोर्ट की यह सामान्य प्रक्रिया है. अब चुनाव आया है तो इस तरह की चीजें तो होंगी. इसके साथ कांग्रेस ने लालू परिवार के साथ खड़े रहने की बात कही है. तेजस्वी यादव ने आईआरसीटीसी घोटाले मामले पर बोलते हुए कहा कि 'हम इस मामले की कानूनी लड़ाई लड़ेंगे. हमने शुरू से ही कहा था कि जैसे-जैसे चुनाव करीब आएंगे, ऐसी बातें होंगी. हम अदालत के फैसले का सम्मान करते हैं और अदालत में अपनी बात रखेंगे.बस इतना ही कहूंगा कि हम हमेशा लोगों के हित के लिए लड़ते आए हैं और आगे भी लड़ते रहेंगे. तूफानों से लड़ने में मजा ही कुछ और है, हमने हमेशा संघर्ष के पथ को चुना है.

तेजस्वी यादव ने कहा कि हम इस रास्ते पर अच्छे मुसाफिर भी बनेंगे और मंजिल पर भी पहुंचेंगे. इस पर ज्यादा बोलने की आवश्यकता नहीं है. बिहार की जनता समझदार है और वह जानती है क्या हो रहा है. दो-चार दिन आप लोगों को मजा आएगा. शुरू से ही पॉलिटिकल वेंडेटा है. तेजस्वी यादव ने लिखा कि एक महीना पहले बिहार आकर गृहमंत्री अमित शाह जी हमें धमकी दे रहे थे कि हमको चुनाव लड़ने लायक नहीं छोड़ेंगे. हम लड़ेंगे और जीतेंगे, हम बिहारी है बिहारी, बाहरी से नहीं डरते.

तेजस्वी यादव ने कहा कि जिस व्यक्ति ने 90000 करोड़ का मुनाफा रेलवे को दिया, हर बजट में किराया कम किया. ऐतिहासिक रेलवे मंत्री के रूप में जाने गए, हावर्ड, आईआईएम के बच्चे लालू से पढ़ने आए, मैनेजमेंट गुरु के रूप में जाने गए. देश के लोग जानते हैं सच्चाई क्या है, जब तक बीजेपी रहेगी, मेरी उम्र रहेगी तब तक हम बीजेपी से लड़ते रहेंगे. कांग्रेस विधायक दल नेता शकील अहमद खान ने कहा कि लालू परिवार को परेशान किया जा रहा है. वो गरीब गुरबे वंचितों की आवाज़ हैं. उनकी आवाज़ को दबाया जा रहा है. हम पूरी ताकत से तेजस्वी के साथ खड़े हैं, जनता और ताकत से उनका समर्थन करेगी. चुनाव के पहले ये सब किया जा रहा है. हमारे गठबंधन और सीट बंटवारे पर इसका कोई असर नहीं होगा.

# न्यू जर्सी में तूफान के चलते इमरजेंसी घोषित

**वाशिंगटन.**



अमेरिका के न्यू जर्सी में तूफान का खतरा बढ़ता जा रहा है. न्यू जर्सी में रविवार को नॉरईस्टर तूफान के खतरे को देखते हुए इमरजेंसी की घोषणा कर दी गई. मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि इस तूफान के साथ 60 मील प्रति घंटे (करीब 96 किलोमीटर प्रति घंटे) की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी और भारी बारिश होगी.

नेशनल वेदर सर्विस के कॉलेज पार्क (मैरीलैंड) के मौसम विज्ञानी बॉब ओरेवेक ने कहा, सबसे बड़ा असर तटीय बाढ़ के रूप में देखने को मिलेगा, खासकर उत्तरी-पूर्वी नॉर्थ कैरोलाइना से लेकर न्यू जर्सी तट तक. मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण-पूर्वी न्यू इंग्लैंड, न्यूयॉर्क सिटी क्षेत्र और साउथ कैरोलाइना के तटीय इलाकों में भी भारी बारिश की संभावना है.

नॉर्थ कैरोलाइना के आउटर बैंक्स इलाके में, जो इस सीजन में पहले भी तूफानों से बुरी तरह प्रभावित हुआ है, रविवार को हाईवे 12 पर समुद्री पानी का ओवरवॉश शुरू हो गया. यह घटना बक्सटन के पास एक मोटल के पास हुई. डेर काउंटी शेरिफ के कार्यालय ने ऑनलाइन चेतावनी जारी करते हुए यात्रियों से सावधानी बरतने और संपत्ति मालिकों को हाई टाइड (ऊंची लहर) के चलते अलर्ट रहने को कहा.

मौसम विज्ञानी बॉब ओरेवेक ने कहा कि इस तूफान का सबसे ज्यादा असर तटीय इलाकों पर पड़ेगा. उन्होंने बताया कि उत्तरी कैरोलाइना से लेकर न्यू जर्सी के तटीय क्षेत्रों तक बाढ़ आने की संभावना है. इसी वजह से नेशनल वेदर सर्विस ने न्यूयॉर्क सिटी में तटीय बाढ़ की चेतावनी और तेज हवा का अलर्ट जारी किया है.

कार्यवाहक गवर्नर वे ने शनिवार रात इमरजेंसी की घोषणा की, क्योंकि गवर्नर फिल मर्फी राज्य से बाहर थे. उन्होंने कहा कि यह कदम एहतियातन उठाया गया है ताकि राज्य की आपातकालीन सेवाएं ज़रूरत पड़ने पर सक्रिय की जा सकें. अधिकारियों ने लोगों से सतर्क रहने और गैर-जरूरी यात्रा से बचने की अपील की है, क्योंकि तेज हवाएं, पेड़ गिरने और तटीय बाढ़ जैसी स्थिति बन सकती है.

**हवाई यात्रा में हुई देरी :** इस तूफान का असर हवाई यात्रा पर भी दिख रहा है. नेवार्क इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर औसतन 80 मिनट की उड़ान देरी हो रही है. न्यूयॉर्क के जेएफके एयरपोर्ट, बोस्टन, फिलाडेल्फिया और वाशिंगटन डीसी के एयरपोर्ट्स पर भी इसी तरह की देरी दर्ज की जा रही है. कुछ जगहों पर देरी दो घंटे तक पहुंच गई है.

रविवार दोपहर तक बोस्टन लोगन एयरपोर्ट पर औसतन 86 मिनट और नेवार्क एयरपोर्ट पर 80 मिनट की देरी की जानकारी मिली.

# गाजा डील पर मिस्र में साइन क्यों ?

**गाजा.**



मिस्र में सोमवार को गाजा पीस समिट हो रहा है. गाजा युद्धविराम को लेकर देश में दस्तावेज पर साइन हो रहे हैं. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी इस समिट में शामिल हो रहे हैं. साथ ही 20 और देश इस समिट का हिस्सा बनेंगे. कतर ने भी गाजा युद्धविराम में मध्यस्थता में अहम भूमिका निभाई. आज से पहले गाजा युद्धविराम से जुड़ी कई मीटिंग कतर में भी हुई हैं. लेकिन, अब सवाल उठता है कि युद्धविराम को लेकर सबसे अहम दस्तावेज पर साइन कतर नहीं बल्कि मिस्र में क्यों हो रहे हैं.

मिस्र इस समय गाजा युद्ध में मध्यस्थ और शांति के केंद्र के रूप में अहम भूमिका निभा रहा है. मिस्र के शर्म अल-शेख में ट्रंप और राष्ट्रपति अल-सीसी की अगुवाई में होने वाली बैठक का मकसद गाजा में युद्ध को खत्म करना, मिडिल ईस्ट में शांति और स्थिरता लाना है.

गाजा युद्ध को खत्म करने और शांति प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में मिस्र एक अहम मध्यस्थ बनकर उभरा है. गाजा से मिस्र की राफा क्रॉसिंग जुड़ी है. जो मानवीय सहायता पहुंचाने का मुख्य रास्ता है. इससे मिस्र भौगोलिक रूप से भी बहुत अहम बन गया है. अरब देशों में मिस्र पहला देश था जिसने इजराइल को मान्यता दी थी. अब यह फिर से वही मुख्य क्षेत्रीय ताकत बनकर वापसी कर रहा है जो शांति वार्ता की दिशा तय कर सके. मिस्र में गाजा डील पर साइन क्यों हो रहे हैं इसको 4 प्वाइंट में समझा जा सकता है.

राफा क्रॉसिंग गाजा और इजराइल दोनों के लिए काफी अहम है. यह गाजा का इकलौता नॉन-इजराइल कंट्रोल बॉर्डर है. गाजा पट्टी के ज्यादातर बॉर्डर इजराइल के नियंत्रण में हैं. इस बीच युद्ध के दौरान भी सहायता पहुंचाने के लिए राफा क्रॉसिंग अहम बनकर सामने आई. सिर्फ राफा क्रॉसिंग ही एकमात्र ऐसा जमीनी रास्ता है जो मिस्र से जुड़ा है. यानी इजराइल के सीधे नियंत्रण में नहीं है. यही वजह है कि जब इजराइल गाजा को ब्लॉकेड (नाकाबंदी) कर देता है, तो दुनिया से गाजा को जोड़ने का एकमात्र रास्ता राफा ही रह जाता है.

# राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस और एनसी के बीच तकरार



**श्रीनगर.**

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने मिलकर लड़ा था.

चुनाव में जीत भी मिली, लेकिन कांग्रेस सीएम उमर अब्दुल्ला की सरकार में शामिल नहीं हुई. अब राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के बीच ठन गई है. सीटों को लेकर विवाद के बीच सोमवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस ने ऐलान किया कि वो सभी राज्य सीटों पर स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ेगी. हालांकि इससे पहले कांग्रेस ने नेशनल कॉन्फ्रेंस पर आरोप लगाया था कि पार्टी ने उनके लिए एक सीट नहीं छोड़ी है.

जम्मू-कश्मीर की चार राज्यसभा सीटों को लेकर 24 अक्टूबर को इलेक्शन है. चार राज्यसभा सीटों के लिए इलेक्शन कमीशन ने कुल तीन नोटिफिकेशन जारी किया है. इलेक्शन कमीशन के अनुसार पहली दो सीटों के लिए अलग-अलग मतदान होगा, जबकि बाकी दो राज्यसभा सीटों पर एक साथ मतदान होगा. इस तरह राज्यसभा के लिए तीन इलेक्शन होंगे, लेकिन सीटों को लेकर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस में मतभेद पैदा हो गए. कांग्रेस नेशनल कॉन्फ्रेंस से सिंगल सीट पर होने वाले चुनाव की मांग कर रही थी, जबकि नेशनल कॉन्फ्रेंस उसे उन दो सीटों में से एक सीट देना चाहती थी, जिस पर एक साथ चुनाव हैं. इसके चलते कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस में विवाद पैदा हो गया और कांग्रेस ने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया. कांग्रेस की ओर से कहा गया कि जो सीट दी जा रही थी, वह सुरक्षित नहीं थी.

इस बाबत जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तारिक हामिद कर्रा ने कहा था कि पार्टी ने सर्वसम्मति से यह तय किया है कि पार्टी राज्यसभा चुनाव नहीं लड़ेगी. कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने सीट संख्या 1 या 2 मांगी थी, लेकिन उमर अब्दुल्लाह की पार्टी ने एक साझा अधिसूचना के तहत सीट संख्या 4 की पेशकश की थी, लेकिन सीट संख्या 4, सीट संख्या 1 या 2 की तरह सुरक्षित नहीं है.

# गाड़ी खड़ी कर लोग मना रहे जश्न

## > छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी

**रायपुर.**



छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने जन्मदिन को सड़क पर मनाए जाने को लेकर एक बार फिर कड़ी नाराजगी जताई है. जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य शासन के अधिवक्ता से कहा कि अब शायद आप लोग असफल हो गए हैं. अब हम उस व्यक्ति को पक्षकार बनाकर उन पर अदालत के आदेशों का उल्लंघन करने का मुकदमा चलाएंगे. क्योंकि आप स्थिति को नियंत्रित नहीं कर पा रहे हैं. इस तरह की टिप्पणी करते हुए मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और न्यायाधीश अमितेंद्र प्रसाद की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान कड़ी नाराजगी जाहिर की है. मामला ये था कि सोमवार को जनहित याचिका की सुनवाई चल रही थी, जिसमें सड़क पर जन्मदिन मनाने के मामले में स्वत: संज्ञान लेकर जवाब तलब चल रहा था. इस दौरान न्यायालय के संज्ञान लिए एक केस में छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री के पर्सनल सेक्रेटरी राजेंद्र दास की उनकी पत्नी के जन्मदिन को सड़क पर मनाए जाने की घटना सामने आई, जिस पर न्यायालय ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि स्वास्थ्य मंत्री का नाम आ रहा है, तो उन्हें इस पर संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए. वहीं इस तरह के मामलों के दोहराव होने के कारण राज्य शासन पर कड़ी नाराजगी जताई है. दरअसल, प्रदेश में सड़क पर कार खड़ी करके या लग्जरी गाड़ियों का काफिला लगाकर केक काटकर उत्सव मनाए जाने के कई मामले सामने आ चुके हैं, जिस पर छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने कई मामले को संज्ञान लिया और राज्य सरकार को इस पर रोक लगाने के निर्देश दिए, लेकिन इस तरह की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं. कुछ दिनों पहले स्वास्थ्य मंत्री के पर्सनल असिस्टेंट बीच सड़क पर अपनी पत्नी का जन्मदिन मनाते, पटाखे और आतिशबाजी का वीडियो वायरल हुआ. बताया जा रहा है कि सोशल मीडिया एक्स पर फोटो और वीडियो पोस्ट किया गया. वहीं यह फोटो वीडियो नगर निगम चिरमिरी के डोमनहिल स्थित सोनावनी नाका (दादू लाहिड़ी चौक) का है, जिस पर न्यायालय ने कड़ी नाराजगी जताई है.

# दूसरी पत्नी ने पति को जिंदा जलाकर मार डाला

**कच्छ.**



गुजरात के कच्छ जिले से हत्या की सनसनीखेज वारदात सामने आई है. यहां एक पति ने अपनी पत्नी को जिंदा जलाकर मौत के घाट उतार दिया. दरअसल, पत्नी ने पति से पैसे मांगे थे, लेकिन उसने पैसे देने से मना कर दिया. इसी बात से गुस्साई पत्नी ने पति पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी. कुछ ही देर में वह बुरी तरह झुलस गया. आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के बीच उसकी मौत हो गई. इसके बाद गंभीर रूप से घायल अवस्था में पति की इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. घटना शनिवार शाम 5 बजे की है. दरअसल, पैसे नहीं मिलने से नाराज पत्नी ने गैराज से ज्वलनशील पदार्थ निकालकर पति पर छिड़का और माचिस जला दी. बुरी तरह झुलसे पति को इलाज के लिए आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई.

मृतक के 3 बेटे हैं. इनमें से दो विदेश में रहते हैं. पहली पत्नी की मौत के बाद उसने डेढ़ साल पहले दूसरी शादी की थी. जिसके बाद दूसरी पत्नी ने पहली पत्नी के 18 तोले के गहने छीन लिए. इसी सोने के गहने को लेकर दोनों के बीच अक्सर झगड़े होते रहते थे. 11 अक्टूबर को भी भुज में खरीदे गए मकान के भुगतान को लेकर झगड़ा हुआ था. जिसके बाद पत्नी ने उस पर केरोसिन जैसा कोई तरल पदार्थ छिड़का और माचिस जला दी. रविवार शाम को बुजुर्ग की मौत हो गई.

पुलिस ने आरोपी पत्नी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है. साथ ही उससे पूछताछ शुरू कर दी है. पुलिस आरोपी पत्नी से हत्या और विवाद के कारणों को लेकर पूछताछ कर रहा है, ताकि जल्द से जल्द मामले का खुलासा किया जा सके.

# देहरादून के 28 गांवों में घटती हिंदू आबादी

**देहरादून.**

उत्तराखंड की राजधानी देहरादून से कुछ दूरी पर स्थित कई गांवों में डेमोग्राफिक बदलाव ने प्रदेश सरकार की चिंता बढ़ा दी है. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों से साफ कहा कि किसी ने भी अपने दायित्वों का दुरुपयोग किया या किसी भी अधिकारी कर्मचारी की भूमिका संदिग्ध पाई गई तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश का मूलस्वरूप बनाए रखने के लिए हमें जो भी प्रयास करना पड़े हम करेंगे. दरअसल, देहरादून से कुछ ही दूरी पर विधानसभा विकास नगर के अंतर्गत आने वाले पछवादून इलाके में धीरे-धीरे हिंदू आबादी कम होती जा रही है, यहां के लगभग 28 गांव ऐसे हैं जहां पर हिंदू आबादी अल्पसंख्यक होती जा रही है. यहां तेजी से डेमोग्राफिक बदलाव हुए हैं, इसे लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिलाधिकारी को निर्देश दिया है कि यहां पर मौजूद तमाम लोगों का सत्यापन कराया जाए तथा उनके राशन कार्ड वगैरह की जांच की जाए. बता दें कि पछवादून इलाके को लेकर कई लोग पहले ही शिकायत कर चुके हैं कि धीरे-धीरे यहां पर मुस्लिम आबादी तेजी से बढ़ रही है और हिंदू आबादी घट रही है. अब इसे लेकर राज्य सरकार भी सख्त दिखाई दे रही है. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बात करते हुए बताया कि, हमने न केवल यहां बल्कि प्रदेश के सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह सत्यापन अभियान चलाएं और राशन कार्ड वगैरह की ठीक से जांच करें. खासकर उन इलाकों में जो ग्रामीण है क्योंकि ग्रामीण इलाकों में तेजी से डेमोग्राफिक चेंज हो रहा है.

# चिता पर रखने से पहले मनाया बिटिया का जन्मदिन

**रायपुर.**



छत्तीसगढ़ के कवर्धा से एक दिल को झकझोर देने वाला दृश्य सामने आया है, जिसने हर किसी की आंखें नम कर दीं. यहां एक पिता ने अपनी मासूम बिटिया आदित्री के अंतिम संस्कार के दिन ही उसका जन्मदिन मनाया. दरअसल, बीते रविवार (5 अक्टूबर) की शाम कवर्धा जिले के चिल्फी के पास भीषण सड़क हादसा हुआ था. कोलकाता के रहने वाले एक परिवार की कार और एक ट्रक की जोरदार टक्कर हो गई थी. यह परिवार कान्हा नेशनल पार्क घूमकर लौट रहा था. शाम को उनकी बिलासपुर से कोलकाता के लिए ट्रेन थी, लेकिन रास्ते में हुए इस हादसे ने सब कुछ बदल दिया.

टक्कर इतनी भयानक थी कि मौके पर ही पांच लोगों की मौत हो गई, जिनमें छोटी सी बच्ची आदित्री और उसकी मां भी शामिल थीं. बुधवार, 8 अक्टूबर शाम कवर्धा में आदित्री और उसकी मां का अंतिम संस्कार किया गया. उसी दौरान जब पिता ने बताया कि आज ही उसकी बिटिया आदित्री का जन्मदिन है, तो वहां मौजूद हर व्यक्ति सन्न रह गया. पिता के दुख को देखकर अंतिम संस्कार में शामिल लोगों ने उसी जगह पर जन्मदिन मनाने की व्यवस्था की. उन्होंने गुब्बारों से सजावट की, केक काटा गया और मासूम आदित्री की तस्वीर को जन्मदिन की टोपी पहनाई गई.वह क्षण ऐसा था जब हर आंख नम थी. एक तरफ पिता की गोद सूनी हो चुकी थी. उनकी जीवनसाथी और जान से प्यारी बेटी, दोनें उन्हें छोड़ कर चले गए थे. पिता के पास अब जीने के लिए ज्यादा कुछ बचा नहीं था. दूसरी तरफ उसने अपनी बिटिया को आखिरी बार जन्मदिन का तोहफा दिया. कवर्धा के लोग इस घटना को कभी नहीं भूल पाएंगे.

# प्रेमानंद महाराज के स्वास्थ्य में सुधार

## > रात 3 बजे की पदयात्रा

**नई दिल्ली.**



प्रेमानंद महाराज का स्वास्थ्य अब दिन प्रतिदिन सुधर रहा है. प्रेमानंद महाराज अब धीरे-धीरे भक्तों को दर्शन दे रहे हैं. पिछले कुछ दिनों से प्रेमानंद महाराज की पदयात्रा बंद है. स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण पदयात्रा को बंद कर दिया गया था, इसके बाद भक्त काफी ज्यादा मायूस हो गए थे.

हालांकि, अब धीरे-धीरे प्रेमानंद महाराज की दैनिक दिनचर्या में बदलाव आने लगा है और उनका स्वास्थ्य भी ठीक होने लगा है. पिछले तीन-चार दिन से भक्तों को उनके दर्शन भी हो रहे हैं.

वो पदयात्रा के लिए निकल रहे हैं, लेकिन यात्रा छोटी हो गई है. पहले उनकी पदयात्रा 2 किलोमीटर लंबी हुआ करती थी. अब ये सिर्फ 100 मीटर तक ही सीमित रह गई है. प्रेमानंद महाराज द्वारा 12 अक्टूबर को मिनी पदयात्रा की गई थी.

इसके माध्यम से भक्तों को दर्शन हुए थे और प्रेम ने महाराज अपने आश्रम से बाहर आकर परिक्रमा मार्ग तक भक्तों को दर्शन दिए थे. वहीं 13 अक्टूबर यानी आज भी प्रेमानंद महाराज रात्रि 3 बजे के करीब अपने आश्रम से बाहर आए और सड़कों पर खड़े हजारों की तादाद में भक्तों को दर्शन दिया. वो परिक्रमा मार्ग तक पहुंचे.

उनके पहुंचते ही परिक्रमा मार्ग में खड़े सभी श्रद्धालुओं ने एक तरफ होकर उनका स्वागत किया. इसके बाद प्रेमानंद महाराज ने अपनी पदयात्रा शुरू की. इस दौरान भक्तों की दर्शन के लिए लंबी कतारें दिखाई दीं.

प्रेमानंद महाराज के स्वास्थ्य को देखकर और उनकी छोटी पदयात्रा के दर्शन के बाद भक्तों ने राहत की सांस ली है. भक्तों का कहना है कि कृपा उन पर है और वह जल्द ही स्वस्थ होंगे. उन्हें उम्मीद है कि प्रेमानंद महाराज फिर से अपनी पुरानी पदयात्रा में दर्शन देंगे.

### श्रद्धालुओं के चेहरे खिल उठे

पदयात्रा करते हुए प्रेमानंद महाराज का वीडियो भी सामने आया है. पदयात्रा करते हुए प्रेमानंद महाराज का वीडियो भी सामने आया है. सभी श्रद्धालु राधा नाम की जयकार लगा रहे थे. श्रद्धालुओं के चेहरे पर खुशी छाई हुई थी. प्रेमानंद महाराज के दर्शन कर श्रद्धालुओं के चेहरे खिल उठे. क्योंकि प्रेमानंद महाराज का पिछले काफी दिनों से स्वास्थ्य ठीक नहीं था. इस वजह से भक्तों को उनके दर्शन नहीं हो पा रहे थे. अब उनकी झलक पाकर लोग काफी खुश नजर आए.